सुविचार

जिन्दगी के हाथ नहीं होते, लेकिन कभी कभी वो; ऐसा थप्पड़ मारती है, जो पूरी उम्र याद रहता है।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक
# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 अंकः 22 पेजः 8 मूल्य 01 रु. जयपुर, रविवार 20 अगस्त, 2023 Email: garibonkasitara@gmail.com

## 130 लोक कलाकारों ने बिखेरी संस्कृति की छटा

# शाही लवाजमे के साथ जनाना ड्योढ़ी से निकली तीज की सवारी




सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जयपुर में शनिवार को तीज माता की शाही सवारी सिटी पैलेस से निकाली गई। इस दौरान करीब 130 कलाकारों ने संस्कृति की अद्भूत छटा बिखेरी। तीज की शाही सवारी देखने उमड़ा जनसैलाबजयपुर।छोटी काशी में तीज का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान श्रावण शुक्ल तृतीया के अवसर पर पर्यटन विभाग की ओर से तीज फेस्टिवल आयोजित किया गया। दो दिवसीय तीज फेस्टिवल के अवसर पर शनिवार को शहर में तीज माता की शाही सवारी निकाली गई। जयपुर की पारंपरिक तीज की शाही सवारी सिटी पैलेस की जनाना ड्योढ़ी से शुरू होकर तालकटोरा पहुंची। तीज की शाही सवारी को देखने के लिए भारी संख्या में जनसैलाब उमड़ा। विदेशी सैलानी भी तीज माता की सवारी को देखने के लिए पहुंचे। शहर में तीज माता की शाही सवारी निकाली गईपर्यटन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर उपेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि बैंड बाजा, सजे हुए ऊंट, घोड़े और शाही लवाजमा के साथ तीज माता चांदी की पालकी पर सवार होकर त्रिपोलिया गेट से रवाना होकर छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार होते हुए तालकटोरा पहुंची। तीज फेस्टिवल के दौरान 130 से अधिक लोक कलाकारों ने प्रदेश के लोक कला और संस्कृति की छठा बिखेरी। राजस्थान के प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्य, गैर नृत्य, बहरूपिया, मशक वादन, कठपुतली नृत्य, कच्ची घोड़ी नृत्य और अलग-अलग बैंड ग्रुप समेत अनेक कलाकारों के समूह ने तीज की शाही सवारी में अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं।



## 'चांदी की पालकी पर सवार होकर निकली तीज की सवारी

शान से निकली बूढ़ी तीज माता की शाही सवारी, देशी-विदेशी पर्यटक हुए शामिल। पर्यटन विभाग की ओर से विदेशी मेहमानों के लिए त्रिपोलिया गेट के सामने होटल की छत पर बैठने की व्यवस्था की गई। तीज माता की सवारी को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। सिटी पैलेस के जनाना ड्यूटी में पूजा-अर्चना के बाद तीज माता की सवारी को रवाना किया गया। पूर्व राज परिवार के सदस्य महाराज पदमनाभ सिंह ने तीज माता की पूजा-अर्चना की। तीज माता के जयकारे लगाकर लोगों ने काफी उत्साह दिखाया। लाल परिधान में कीमती आभूषणों से सजी तीज माता चांदी की पालकी में विराजमान थी। लोगों ने तीज माता के दर्शन करके पुष्प बरसाए और सुख-सौभाग्य का आशीर्वाद मांगा। झूला झूलती ग्रेटर नगर निगम की महापौर सौम्या गुर्जरपढ़ेंः चांदी के पालकी में राजशाही ठाठ-बाट के साथ निकली तीज माता की सवारी।।।लोगों ने



मांगा सुख-सौभाग्य का आशीर्वादतीज महोत्सव के तहत विभिन्न झांकियां को शामिल किया गया। तीज माता की सवारी के दौरान पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्थाएं चाकचौबंद की गई। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान तैनात किए गए। वहीं पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर मॉनिटरिंग करते हुए नजर आए। नॉर्थ जिले की डीसीपी राशि डोगरा, एडिशनल डीसीपी, एसीपी और एसएचओ तीज माता की सवारी में सुरक्षा व्यवस्थाओं में मौजूद रहे।

चुनावी रण की तैयारी...

## अब कार्यकताओं से योग्य उम्मीदवारों के नाम लेगी कांग्रेस

**प्रदेश कांग्रेस अब चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम फाइनल करने में पार्टी के ब्लॉक और जिला स्तर पर नामों के सुझाव लेगी**



### विभिन्न चरणों में विचार-विमर्श के बाद उम्मीदवारों के नाम दिल्ली भेजे जायेंगे

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर ।** अब कार्यकताओं से योग्य उम्मदीवारों के नाम लेगी कांग्रेस, फिर ऐसे तैयार होगी फाइनल लिस्ट प्रदेश कांग्रेस अब चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम फाइनल करने में पार्टी के ब्लॉक और जिला स्तर पर नामों के सुझाव लेगी। विभिन्न चरणों में विचार-विमर्श के बाद उम्मीदवारों के नाम दिल्ली भेजे जाएंगे।

जयपुर।प्रदेश में कांग्रेस टिकट के उम्मीदवारों के चयन के लिए सर्वे के साथ ही पार्टी के ग्राउंड लेवल पर काम कर रहे कार्यकताओं के सुझाव भी लेगी। इसके बाद ब्लॉकों की बैठक होगी, जिसमें उम्मीदवारों की लिस्ट बनेगी। इसके बाद कांग्रेस इलेक्शन कमेटी जिले के प्रमुख नेताओं के सुझाव पर 3 से 5 उम्मीदवारों का पैनल तैयार करेगी।ये नाम स्क्रीनिंग कमेटी को दिए जाएंगे। इसके बाद इस लिस्ट को पार्टी की राष्ट्रीय इलेक्शन कमेटी को भेजा जाएगा।शनिवार को हुई कांग्रेस प्रदेश इलेक्शन कमेटी की बैठक में मौजूद सदस्यों के तौर पर मंत्रियों और कांग्रेस नेताओं ने टिकट को लेकर योग्य उम्मीदवारों के चयन को लेकर सुझाव दिया कि सर्वे के साथ ही ग्राउंड पर काम कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ता का सुझाव ब्लॉक और जिला कांग्रेस की ओर से लिया जाए। ताकि योग्य उम्मीदवारों के नाम सामने आ सकें। यही कारण है कि कांग्रेस ने तय किया है कि 21, 22 और 23 अगस्त को प्रदेश में 400 ब्लॉकों की बैठक होगी। इसमें योग्य उम्मीदवारों के नाम की लिस्ट तैयार की जाएगी।

**2023 : सीएम गहलोत बोले-** जिताऊ को टिकट ही एकमात्र फॉमूर्ला, भले ही कोई 90 साल का क्यों न होइसके बाद प्रदेश इलेक्शन कमेटी के 2-2 सदस्यों का समूह 25, 26 और 27 अगस्त को जिलों में जाकर प्रमुख कांग्रेस जनों से मुलाकात करेगा और ब्लॉक स्तर से आए नाम के साथ ही जिले के प्रमुख नेताओं से मिले नाम के आधार पर योग्य 3 से 5 उम्मीदवारों के पैनल तैयार करेगा।प्रदेश इलेक्शन कमेटी के सदस्य 3 से 5 योग्य उम्मीदवारों के नाम प्रदेश इलेक्शन कमिटी को सौंप देंगे जिन्हें स्क्रीनिंग कमेटी के सामने रखा जाएगा।

स्क्रीनिंग, PEC-PAC की लिस्ट से मंत्री महेश जोशी और धारीवाल बाहर, क्या टिकट लिस्ट में भी यही तैयारी?28 से 31 अगस्त तक राजस्थान के स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई समेत तीनों सदस्य राजस्थान में मौजूद रहेंगे और संभव है कि 31 अगस्त को यह नाम स्क्रीनिंग कमेटी से पास करवा कर कांग्रेस इलेक्शन कमिटी को दिल्ली भेज दिए जाएं।

## सीएम गहलोत बोले- टिकट बंटवारे में सबसे बड़ा क्राइटेरिया जिताऊ उम्मीदवार

*कहा- कर्नाटक चुनाव में 90 साल का युवा जीता; जो जीत सकता, उसे ही टिकट*




सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जयपुर में शनिवार को कांग्रेस की प्रदेश चुनाव समिति की पहली बैठक हुई। बैठक के बाद सीएम गहलोत ने मीडिया से बात की। विधानसभा चुनाव में युवाओं को अहमियत दिए जाने और बुजुर्गों को टिकट नहीं दिए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा- टिकट वितरण में केवल जिताऊ को ही देखा जाएगा। यही सबसे बड़ा क्राइटेरिया होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा- कर्नाटक चुनाव में आपने देखा होगा, 90 साल के युवा को भी टिकट दिया गया था, चुनाव जीतकर आया। इसलिए जो जीत सकता है, उसको ही टिकट दिया जाएगा। गहलोत के इस बयान से साफ है कि उदयपुर घोषणापत्र का पालन टिकटों में नहीं होगा। आगामी विधानसभा चुनाव में युवाओं को टिकटों में प्राथमिकता देने की जगह जिताऊ का मापदंड रहेगा।

**कांग्रेस प्रदेश समिति के सदस्य टिकट के दावेदारों से मिलेंगेः** वहीं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा- 21 से लेकर 23 अगस्त तक ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों में बैठक की जाएगी। इन कमेटियों में आए हुए आवेदनों को 24 तारीख को बैठक में पेश किया जाएगा। 25 अगस्त से प्रदेश चुनाव समिति के मेंबर जिलों में जाकर टिकट के दावेदारों पर फीडबैक लेंगे। फिर कम से कम तीन और ज्यादा से ज्यादा पांच दावेदारों का पैनल बनाया जाएगा।

**टिकट फाइनल करने की तैयारी में जुटी कांग्रेसः** दरअसल, विधानसभा चुनावों में कांग्रेस जल्द टिकट फाइनल करने की तैयारी में जुट गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ज्यादातर टिकट आचार संहिता लगने से पहले फाइनल होने का दावा कर रहे हैं। ग्राउंड से लेकर चुनावी समितियों में एक्सरसाइज शुरू कर दी गई है। पर्यवेक्षकों और पार्टी नेताओं ने टिकटों के पैनल पर काम शुरू कर दिया है।

## गहलोत के बयान पर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष का पलटवारः कहा-सीएम गहलोत डरे हुए हैं

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार किया है। जोशी ने कहा कि सीएम गहलोत बीजेपी के केंद्रीय नेताओं के दौरे पर सवाल उठा रहे हैं। ये उनकी डर की भाषा है- हार उन्हें दिखाई दे रही है। इसलिए इस तरह से बोल रहे हैं।

सीपी जोशी ने दिया गहलोत के बयानों का जवाबजयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हाल ही में बीजेपी के केंद्रीय नेताओं के दौरे पर सवाल उठाया। गहलोत ने कहा कि प्रदेश के नेता हथियार डाल चुके हैं।इसलिए बार-बार दिल्ली के नेताओं के दौरे हो रहे हैं। सीएम गहलोत के इस बयान पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत डरे हुए हैं। वो अपने टूटते हुए कुनबे को जोड़ने के लिए इस तरह के बयान दे रहे हैं। हार सीएम गहलोत को साफ दिखाई दे रही है।सीएम गहलोत डरे हुए हैंः बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बहुत डरे हुए हैं। वो अपनी हकीकत जानते हैं।इसलिए इस तरह के बयान देकर अपना कुनबा जोड़े रखना चाहते हैं। लेकिन कांग्रेस का कुनबा टूट चुका है। कांग्रेस के लोग दूर भगाने वाले हैं। इस डूबते हुए जहाज में कोई बैठना नहीं चाहता है। जोशी ने आगे कहा कि सीएम गहलोत के पास इंटरनल सर्वे रिपोर्ट है।वो जानते हैं कि आगामी चुनाव में क्या होने वाला है।इसलिए बयान देकर अपनी जमी हुई व्यवस्था रखना चाहते हैं, लेकिन ये व्यवस्था ज्यादा दिन रहने वाली नहीं है। क्योंकि जनता दूर जा चुकी है। कांग्रेस जनता का विश्वास खो चुकी है।

सीएम बोले- सरकार गिराने में असफल रहे, इसलिए पीएम मोदी और अमित शाह में बदला लेने की आग, मिशन 156 है टारगेटबीजेपी वन मैन शो नहींः सीपी जोशी ने सीएम गहलोत के उस बयान पर भी पलटवार किया जिसमें उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई पन्ना प्रमुख या बूथ स्तर पर कार्यकर्ता नहीं है। बस उनके पास सिर्फ आरएसएस ही है। जोशी ने कहा कि बीजेपी कांग्रेस की तरफ वन मैन शो नहीं है।जहां किसी विधायक का टिकट काट दिया, तो नीचे की सारी व्यवस्था डगमगा जाए। यहां संगठन सर्वोपरि है। व्यक्ति विशेष सर्वोपरि नहीं है। जोशी ने कहा कि बीजेपी का नीचे तक स्ट्रक्चर बना हुआ है। संगठनात्मक रचना बनी हुई है। यहां विचार और कमल के चिन्ह के साथ लोग रहते हैं। किसी व्यक्ति के साथ नहीं रहते।



| पूर्वानुमान> | | रवि | सोम | मंगल | बुध |
|---|---|---|---|---|---|
| 27° | अधिकतम> | 33°c | 32°c | 35°c | 33°c |
| | न्यूनतम> | 25°c | 26°c | 25°c | 26°c |

## परिश्रम सौभाग्य की जननी...

# 'वेलकम आईटीआई' के विद्यार्थियों ने एक बार फिर दोहराया 'इतिहास'

### 'तेरे अपने ना कर पायें तुझ पर उपहास, तू कर कुछ ऐसा कि बन जायें इतिहास'





सितारा न्यूज नेटवर्क

**हाथोज।** क्षेत्र के वेलकम निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थियों ने परीक्षा परिणाम 2023 में एक बार फिर अपने आपको साबित किया है परीक्षा परिणाम 2023 में वेलकम आईटीआई के विद्यार्थी आसपास के क्षेत्र के विद्यार्थियों में सबसे अव्वल रहे हैं और संस्थान का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। परीक्षा परिणाम 2023 में द्वितीय वर्ष में पायल राठौड़ 96 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान पर रही तथा उनके साथ रामू कुमावत ने भी 96 प्रतिशत अंक प्राप्त किए दूसरे स्थान सिमरन राठौड़ 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, तीसरे स्थान पर राधाकृष्ण शर्मा ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, चौथे स्थान पर अपेक्षा कुमावत ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, विशाल चौधरी 83 प्रतिशत प्राप्त किए, राजू यादव 83 प्रतिशत, विमला जाखड़ 82 प्रतिशत, मयंक कुमावत 82 प्रतिशत, सरोज यादव 82 प्रतिशत, अजय कुमावत 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

**परीक्षा परिणाम 2023 में आसपास के क्षेत्र में संस्थान रहा सबसे अव्वल**

### प्रथम वर्ष का भी रहा उत्कृष्ट परीणाम

प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम 2023 में भी सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त करते हुए अपने हुनर को साबित किया है। राहुल कुमावत 92 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, दूसरे स्थान पर मानसी मुंडोतिया प्रतिशत, तीसरे स्थान पर सचिन कुमावत प्रतिशत, राधेश्याम यादव 90 प्रतिशत, राकेश बगड़िया प्रतिशत, गिरिराज चौहान 88 प्रतिशत, दिनेश गुर्जर प्रतिशत, सचिन कुमावत 86 प्रतिशत, पूनम दैडू 84 प्रतिशत, संजय यादव 83 प्रतिशत, किशन सैनी 83 प्रतिशत, शीतल चौधरी 82 प्रतिशत, आयुष खंडेलवाल प्रतिशत, मनीषा यादव 82 प्रतिशत, राम प्रसाद कुमावत प्रतिशत, राकेश चौधरी प्रतिशत ,हिमांशु यादव 81 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्थान के साथ-साथ अपने माता-पिता का भी आसपास के क्षेत्र में नाम रोशन किया है।



### आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत आपको हमेशा सफलता दिलाएगी : निदेशक

इस मौके पर संस्था निदेशक रामनिवास चौधरी ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि निरंतर और लगन से मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को उनकी मेहनत के हिसाब से परीक्षा परिणाम प्राप्त हुआ है, आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत आपको हमेशा सफलता दिलाएगी और जहां तक आसपास के क्षेत्र में वेलकम आईटीआई कॉलेज का रिजल्ट सबसे अव्वल और 100 प्रतिशत है। निदेशक महोदय ने ऐतिहासिक परीक्षा परिणाम के लिए संपूर्ण मैनेजमेंट टीम और अनुदेशको को इसका श्रेय दिया और विद्यार्थियों को आगे भी मेहनत करते रहने की प्रेरणा दी। संस्थान सह निदेशक भागीरथ चौधरी ने भी सभी विद्यार्थियों में अनुदेशकों को शुभकामनाएं दी तथा परीक्षा परिणाम में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया। इस मौके पर संस्थान अधीक्षक नवरतन यादव, वरिष्ठ अनुदेशक रामस्वरूप कुमावत, अनुदेशक राजेश यादव, रमेश चंद जाट, सरवन लाल यादव, सरोज यादव, मंगल चंद कुमावत, मुकेश यादव हनुमान जाट आदि लोग उपस्थित रहे।

## पंचाग

दिनांक:-20 अगस्त 2023 रविवार

विक्रम संवत2080 श्रावन शुक्ल पक्ष

| | | | |
|---|---|---|---|
| तिथि | चतुर्थी | 24:21:24 | |
| पक्ष | शुक्ल | | |
| नक्षत्र | हस्त | 28:20:37 | |
| योग | साध्य | 21:56:56 | |
| करण | वणिज | 11:22:36 | |
| करण | विष्टि भद्र | 24:21:24 | |
| चन्द्र राशि | कन्या | | |
| सूर्य राशि | सिंह | | |
| दिशा शूल | पश्चिम | | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 06:01:42 | |
| सूर्यास्त | 18:58:31 | | |
| चंद्रोदय | 09:08:43 | | |
| चंद्रास्त | 21:15:53 | | |
| राहू काल | 17:21 - 18:59 | | |
| अभिजित | 12:05 - 12:57 | | |
| | शुभ चोघडिया | | |
| चर | 07:39 - 09:16 | | शुभ |
| लाभ | 09:16 - 10:53 | | शुभ |
| अमृत | 10:53 - 12:30 | | शुभ |
| शुभ | 14:07 - 15:44 | | शुभ |



**विशेष जानकारी:-**
चतुर्थी व्रत:-आज
नागपंचमी:-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## नर्सिंग कर्मियों ने 2 घंटे कार्य बहिष्कार कर दिया धरना, 11 सूत्रीय मांगों को पूरा करने की उठाई मांग



सितारा न्यूज नेटवर्क

**लक्ष्मणगढ़।** राजस्थान संयुक्त नर्सेज संघर्ष समिति अलवर द्वारा प्रदेशव्यापी अभियान पर शनिवार को ब्लॉक लक्ष्मणगढ़ के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर समस्त नर्सिंग कर्मियों ने ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र यादव के नेतृत्व में 2 घंटे का कार्य बहिष्कार कर 11 सूत्री मांगों को पूर्ण करने के लिए सरकार से मांग की।

जिला कार्यकारिणी के सदस्य नर्सिंग अधिकारी आरिफ खान ने बताया कि राजस्थान के नर्सिंग ऑफिसरों को केंद्र के नर्सिंग ऑफिसरों के समान वेतन भत्ते देने सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर पिछले एक माह से ब्लॉक व जिला स्तर पर शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। लेकिन सरकार के द्वारा उनकी अभी तक कोई सुनवाई नही हुई। उन्होंने ने नर्सिंग कर्मियों की मांगों को पुरा करने की मांग की। वही 2 घंटे के कार्य बहिष्कार के दौरान सभी चिकित्सालय में आपातकालीन सेवाएं निरंतर जारी रही। इस दौरान आरिफ खान, पीड़ी सैनी, राजेन्द्र कुमार यादव, राकेश वर्मा, पवन वर्मा, कैलाश मीना भी मौजूद रहे।

## वैश्य समाज तथा अग्र माधवी ग्रुप की महिलाओं ने धूमधाम से मनाई हरियाली तीज



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल।** महिलाओं के श्रृंगार तथा उल्लास के त्यौहार हरियाली तीज को वैश्य समाज, अग्र माधवी ग्रुप तथा अन्य महिलाओं के द्वारा एक स्थानीय मैरिज होम स्पाइसी ट्रीट में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया । ग्रीन साड़ी में सजी-धजी महिलाओं ने कई तरह के मनोरंजक खेल खेलने के साथ-साथ तीज के पारंपरिक गीतों से शमां बांध दिया। एंकरिंग रजनी गोयल के द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान पासिंग द पार्सल, माला डालो, स्टैचू आदि गेम्स खिलाए गए, जिनके विनर्स को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में इंदिरा जिंदल, प्रियंका बंसल, रिचा मित्तल सरिता सिंघल, सरिता गोयल, मीनाक्षी गुप्ता, अर्चना प्रतिभा गुप्ता, रेनू गुप्ता, तृप्ति गुप्ता, आशा गुप्ता, वर्षा मोदी, रचना गोयल, नीलम तोमर, दीप्ति तोमर, आरती गर्ग, रेनू भार्गव, विमला शर्मा, स्नेहा गुप्ता, बॉबी गुप्ता, नीलू गुप्ता, कमलेश गुप्ता, आशा गुप्ता, शिल्पी अग्रवाल, ममता मोदी, राधा मोदी, वर्षा गोयल, आशा मोदी, राधा मंगल, नेहा मंगल, राधा सिंघल, अर्चना गर्ग, पूनम गोयल, वर्षा गोयल, रेखा मोदी, कांति मित्तल, पुष्पा गर्ग सहित करीब 200 महिलाएं उपस्थित रही।

## विश्व फोटोग्राफी दिवस पर आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

सितारा न्यूज नेटवर्क






**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** विश्व फोटोग्राफी दिवस के अवसर पर आज निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, ब्यावर के निर्देशन में नव मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र के साथ मतदान करने के बारे में समझाया गया । इस विषय पर लगाए गए शिविर में जवाजा ब्लाक के राजकीय एवं निजी विद्यालयों तथा महाविद्यालय मे नव मतदाताओं, विशेष योग्यजन मतदाताओं और ग्रामीण महिलाओं आदि ने मतदाता पहचान पत्र के साथ फोटो खिंचवा कर मतदान करने का सन्देश दिया।

स्वीप प्रभारी सुनील कुमार व्यास ने बताया कि इस अवसर पर डीएवी महाविद्यालय में प्राचार्य शालू शर्मा एवं सचिव अभय शर्मा की उपस्थति में विश्व फोटोग्राफी दिवस एक समारोह पूर्वक मनाया गया, साथ ही मतदाताओं ने मतदाता पहचान पत्र के साथ सेल्फी लेकर शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया । कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय दिव्यांग यूनियन के पप्पू पहलवान ने मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया ` दक्ष प्रशिक्षक निरंजन देव मिश्रा ने सभी उपस्थित लोगों को मतदाता साक्षरता क्लब? से जुड़े रहकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया, उनके द्वारा सभी को निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ भी दिलवाई गई ।

## राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ लक्ष्मणगढ़ का 43 वां वार्षिक अधिवेशन हुआ आयोजित



सितारा न्यूज नेटवर्क


**लक्ष्मणगढ़।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ लक्ष्मणगढ़ का 43 वां वार्षिक अधिवेशन स्वामी केशवानंद उच्च शिक्षण संस्थान लीली में आयोजित हुआ। जिसमें स्थानीय संघ प्रधान विरेन्द्र कोठारी, एसीबीओ रामावतार पहाड़ियां, जिला संगठन आयुक्त सीओ राजेन्द्र मीणा, आजीवन सदस्य अनिल अग्रवाल व प्रेम पटेल के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। उप प्रधान के दो पदों पर अनिल अग्रवाल व प्रेम पटेल को माला व स्कार्फ पहनाकर मनोनीत किया। सभी अतिथियों का स्कार्फ व माला पहनाकर स्वागत किया। राष्ट्रीय जम्बूरी पाली में जाने वाले ग्रुप केशवानंद शिक्षण संस्थान के डायरेक्टर मोरध्वज सिंह का स्मृति चिन्ह व माला पहनाकर स्वागत किया गया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त छगनलाल को स्मृति चिन्ह देकर उनका व फूलसिंह चौधरी का भी स्वागत किया गया। एसीबीईओ पहाड़िया ने कहा कि स्काउट अनुशासन, चरित्र निर्माण व स्वावलंबी बनाने वाली इकाई है। उप प्रधान अनिल अग्रवाल ने सकारात्मक सोच के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर चलने का भरोसा दिलाया। जिससे लक्ष्मणगढ़ ऊंचाइयों पर पहुंच सके। डीटीसी छगनलाल ने स्थानीय संघ की विशेषताओं को विस्तार से बताया। जमालुदीन खां ने सभी का आभार जताया। स्थानीय संघ प्रधान विरेन्द्र कोठारी ने सकारात्मक सोच के साथ स्थानीय संघ में भरपूर सहयोग देने का भरोसा दिलाया उन्होंने ने कहा कि। राजनीति से हटकर ही स्काउट अपनी सेवाएं देते हैं। मंच संचालन रामफल सैनी ने किया। सबसे बुजुर्ग स्काउट मास्टर सुमरत्या राम का स्मृति चिन्ह व माला पहनाकर स्वागत किया।

# नव निर्मित रैणी नगरपालिका चेयरमैन मीरा देवी शर्मा ने पदभार किया ग्रहण, रैणी एसडीओ गौरव मित्तल ने दिलाई शपथ

### नगरपालिका उपाध्यक्ष अशोक कुमार बैरवा ने नही हुए कार्यक्रम शामिल ना ही उपाध्यक्ष ने ली शपथ

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड मुख्यालय पर स्थित रैणी पंचायत को स्वायत्त शासन ने नव निर्मित नगरपालिका मंडल बना दिया है, जिसके नव नियुक्त चेयरमैन मीरा शिवचरण सैदावत ने शनिवार को स्थानीय विधायक जौहरीलाल मीना के मुख्यातिथ्य मे पद भार ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधायक जौहरी लाल मीणा व विशिष्ट अतिथि लक्ष्मणगढ़ प्रधान रहे , कार्यक्रम की अध्यक्षता रैणी एसडीएम गौरव मित्तल ने ओर एसडीएम ने रैणी नगरपालिका मंडल ईओ जगदीश खीचड की उपस्थिति मे चेयरमैन मीरा शिवचरण शर्मा को शपथ दिलाई । कार्यक्रम से पहले मां सरस्वती के दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की ।इधर स्वायत्त शासन विभाग जयपुर राजस्थान की अधिसूचना क्रमांक प.10 नगर पालिका गठन





ब.घो.डीएलबी/23/2175 दिनांक 26.06.2023 के तहत ग्राम पंचायत रैणी की सीमा क्षेत्र में आने वाले राजस्व ग्राम रैणी , नांगल बास के संपूर्ण सीमा क्षेत्र तथा ग्राम पंचायत डेरा के राजस्व ग्राम डेरा व हातोज तथा ग्राम पंचायत भूलेरी के राजस्व ग्राम मुकंन्दपुरा व जगमालपुरा को सम्मिलित करते हुए ग्राम पंचायत रैणी को नगर पालिका रैणी घोषित किया गया विभाग की अधिसूचना क्रमांक 2025 दिनांक 01.06.2021 के अंतर्गत ग्राम पंचायत रैणी के निर्वाचित सरपंच मीरा देवी शर्मा को अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत डेरा के निर्वाचित सरपंच अशोक कुमार बैरवा को उपाध्यक्ष तथा शेष सभी निर्वाचित वार्ड पंचों को नवगठित नगर पालिका में वार्ड सदस्य माना गया है कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का नगरपालिका रैणी के द्वारा साफा व माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। लेकिन इस कार्यक्रम मे नगरपालिका मंडल के उपाध्यक्ष अशोक कुमार बैरवा दिखाई नही दिए और ना ही उपाध्यक्ष बैरवा पद एवं गोपनीयता की ही शपथ ली है। इस कार्यक्रम के दौरान रैणी बीडीओ , तहसीलदार पृथ्वीराज मीणा , रैणी नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि शिवचरण सैदावत , मंडावर नगरपालिका चेयरमैन अशोक नारेड़ा , रैणी एसएचओ राजेश मीणा प्रिंसिपल मुन्ना लाल , सालोली सरपंच राम सिंह मीणा , छोटा राजपूर सरपंच किशन सहाय बैरवा, सरपंच ऋषिराज , रेनी पूर्व सरपंच हरि सिंह मीणा , पूर्व सरपंच पप्पू राम मीणा, पूर्व प्रधान रामअवतार किराड, मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र मेहर, अशोक सैनी एसबीएम , ब्लॉक अध्यक्ष शिव शंकर शर्मा , रमेश सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

### खेड़ली लोधा में भाजपा प्रदेशमत्री व जिला अध्यक्ष का किया स्वागत



सितारा न्यूज नेटवर्क

**लक्ष्मणगढ़।** कस्बे के समीपवर्ती खेड़ली लोधा में एक निजी स्थान पर भाजपाइयो की बैठक आयोजित हुई । जिसमें भाजपा नेता पवन पुरुषोत्तम शर्मा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं का स्वागत का स्वागत किया गया। पवन पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि भाजपा प्रदेशमत्री नीलम गुर्जर, अलवर भाजपा जिला संगठन प्रभारी रोशन लाल सैनी, अलवर दक्षिण भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, जिला महामंत्री शिवलाल मीणा का स्वागत सम्मान किया गया। इस दौरान प्रदेश मंत्री नीलम गुर्जर ने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तक पहुचाने ओर ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ दिलाने तथा प्रदेश की कांग्रेस सरकार की कुशासन के बारे में आमजन को अवगत करवाने की बात कही। इस दौरान विष्णु पंडित, सुधीर पंडित, भोला, मनोज, पप्पू कन्तु, नरसी खारवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### ब्राह्मण समाज पदाधिकारीयों द्वारा प्रथम पूज्य को दिया निमंत्रण



सितारा न्यूज नेटवर्क

**बांदीकुई/हेमंत शर्मा।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा एवं विप्र कर्मचारी प्रकोष्ठ के तत्वाधान में दिनांक 27 अगस्त रविवार को आयोजित होने वाले विप्र गौरव अवार्ड एवं वृद्धजन सम्मान समारोह को लेकर बुधवार को प्रथम पूज्य श्री गणेश जी महाराज का ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध पदाधिकारियों द्वारा विधि विधान से पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निमंत्रण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित तहसील अध्यक्ष हनुमान मेहलूनी, नगर अध्यक्ष महेश नांगल, तहसील महामंत्री गिर्राज अरनिया, नगर महामंत्री लक्ष्मी नारायण अगावली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल गौड़, कमलेश भट्ट, रामराय वकील, पूर्व तहसील अध्यक्ष श्याम सुंदर जैमन, विप्र कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मनीष मिश्रा, प्रकाश शर्मा, महेश काटरवाड़ा, गिर्राज मेहलूनी, रामू जी हरियाणा, गौरी शंकर गुढाकटला, जिला महामंत्री विजेंद्र मूही, कैलाश जी सोमाडा, मुकेश देलाड़ी, राजेंद्र होदायली, ओमप्रकाश मुंशी, कपूर शर्मा, आरडी शर्मा एवं मीडिया प्रभारी देवेंद्र शर्मा आदि कई लोग उपस्थित थे।

*चुनावी सरगर्मी फिर से हुई शुरू*

### एडवोकेट रामेश्वर मेवाड़ा ने लोकसभा क्षेत्र राजसमन्द के प्रभारी प्रभुदास टोकिया से की मुलाकात





सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** वैसे देखा जाए तो ब्यावर जिला बन ही गया है उसके साथ ही चुनावी सरगर्मी भी शुरू हो गई है चाहे वह भाजपा की पार्टी हो अथवा कांग्रेस की पार्टी सभी नेताओं में काफी जोश खरोश देखने को मिल रहा है, शनिवार को एक ऐसा ही दृश्य फिर देखने को मिला ब्यावर विधानसभा क्षेत्र के आगामी चुनाव हेतु कांग्रेस से प्रत्याशी बनाये जाने हेतु ,ब्यावर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता,पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगरपरिषद ब्यावर ,एडवोकेट रामेश्वर मेवाड़ा ने लोकसभा राजसमन्द के प्रभारी प्रभुदास टोकिया व विधानसभा प्रभारी राजेन्द्र कुमार के सम्मुख अपने समर्थकों के साथ जाकर अपना बॉयोडाटा व आवेदन प्रस्तुत कर कांग्रेस का प्रत्याशी बनाने की मांग की है आखिर यह मांग कितनी सफल होती है, यह तो समय ही तय करेगा।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में पौधों की अव्यवस्था

सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल ।** धौलपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी धौलपुर में फ्लेटो के पास बने पार्कों में पौधे लगाए गए हैं । जिसमें हाउसिंग बोर्ड विकास सेवा समिति अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि यह जो पौधे लगाए गए हैं वह कांटेदार पेड़ों के पास लगाए गए हैं जो कि गलत है व उन पार्कों



की काफी समय से सफाई भी नहीं की गई है पौधों में पानी देने वाला कोई भी नहीं है जिससे पौधे जीवित नहीं रह पाएंगे जिसमे अध्यक्ष अशोक कुमार अग्रवाल एडवोकेट ने बताया कि यह जो पौधे लगाए गए हैं उनके पास जो कांटेदार पेड़ है उनको साफ करवाये जाए व पौधों को नियमित पानी दिया जावे ऐसा हाउसिंग बोर्ड नहीं करती है तो हाउसिंग बोर्ड के सभी निवासी मिलकर आगे की कार्रवाई करेंगे।

*सर्व समाज राष्ट्रीय उत्थान सेवा समिति अलवर के तत्वावधान में प्रेस वार्ता हुई आयोजित*

# धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी के 7 व 8 अक्टूबर को अलवर में होने वाले 2 दिवसीय कार्यक्रम को लेकर प्रेस वार्ता हुई आयोजित

**7 व 8 अक्टूबर को होगा श्री हनुमंत कथा का होगा आयोजन, बागेश्वर धाम के धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी का लगेगा दिव्य दरबार**





सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा /अलवर।** हिंदू राष्ट्र बनाने के लिए विश्व प्रसिद्ध हुए बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री का 7 अक्तूबर से दो दिवसीय कार्यक्रम अलवर में आयोजित होगा। दो दिन तक उनका दिव्य दरबार लगेगा और वे श्री हनुमंत कथा का आयोजन करेंगे। इस कार्यक्रम में लगभग 2लाख से अधिक श्रद्धालु भाग लेंगे । सर्व समाज राष्ट्रीय उत्थान सेवा समिति अलवर के तत्वावधान में शनिवार को महावर धर्मशाला कुश मार्ग अलवर में कार्यक्रम के आयोजन को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया । जिसमे लोहिया का तिबारा एमआईए तहसील रामगढ़, अलवर पर बागेश्वर धाम सरकार पण्डित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी के श्रीमुख से होने वाली भव्य श्री हनुमंत कथा एवं भव्य कलश एवम ध्वज यात्रा के आयोजन के बारे में बताया गया । प्रधान रामसेवक सीए किशन गुप्ता द्वारा जानकारी के अनुसार 6 अक्टूबर 2023 बार शुक्रवार को प्रातः 07 बजे से शहर के मध्य हैप्पी स्कूल ग्राउंड, कंपनी बाग अलवर से भव्य कलश एवम ध्वज यात्रा, मन्नी का बड़, होप सर्कस, काशीराम चौराहा, भगत सिंह चौराहा से अग्रसेन सर्किल होते हुए शिव मंदिर कृषि उपज मण्डी तक निकाली जाएगी तथा एक दिन पहले 05 अक्टूबर गुरुवार को जिले के सभी उपखंड स्तर पर भी भव्य कलश एवम ध्वज यात्रा का आयोजन किया जाएगा । 7 अक्टूबर 2023 वार शनिवार को शाम चार बजे से रात्रि आठ बजे तक श्री हनुमंत कथा एवं 8 अक्टूबर 2023 वार रविवार को सुबह 10 बजे से दिव्य दरबार एवं शाम चार बजे से रात्रि आठ श्री हनुमंत कथा का आयोजन किया जाएगा ।कार्यक्रम स्थल पर बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा एवं ठहरते की उचित व्यवस्था होगी।

कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कार्यक्रम स्थल के दोनों तरफ पार्किंग की व्यवस्था की गई है तथा टू व्हीलर वाहनों के लिए मोदीगढ़ के निकट पार्किंग व्यवस्था की गई है एव मोदीगढ़ में बाहर से आने वाले पत्रकार बंधुओ के ठहरने की व्यवस्था की गई है।

बाहर से आने वाले विशिष्ट अतिथियो के ठहरने की व्यवस्था`आईईटी कॉलेज लोहिया का तिबारा एमआईए में की गई है, साधु संतों के लिए ठहरने की व्यवस्था गौ धाम पण्डित जी की ढाणी लोहिया का तिराया में की गई है एवं आने वाले सभी श्रद्धालुओं के भोजन आदि की भी व्यवस्था समिति द्वारा की गई है। पूरा अलवर जिला इस भव्य कथा आयोजन के लिए पलक पावड़े बिछाए बैठा है । अतिथियों के सत्कार के लिए तैयार है ।कथा से संबंधित सभी तैयारियां जोरों से चल रही है समय समय पर विभिन्न प्रचार माध्यम से आम जन को कथा और कलश व ध्वज यात्रा से संबंधित जानकारी दे दी जाएगी। आज की इस प्रेस वार्ता में डा के के गुप्ता, , डा वी के अग्रवाल एवम अन्य रामसेवक उपस्थित रहे ।

**क्षमा वीरस्य भूषण**

## 'पर्यूषण-संवत्सरी महापर्व' की प्रांसगिकता एवं महत्व पर हुई परिचर्चा

*पर्यूषण-संवत्सरी महापर्व पर क्षमा को जीवन में उतारने का आव्हान*





सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर(अनिल सिखवाल)।** वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित वर्द्धमान कन्या पी. जी. महाविद्यालय में शनिवार को 'पर्यूषण-संवत्सरी महापर्व' की प्रांसगिकता एवं महत्व पर परिचर्चा का आयोजन किया गया । इस अवसर पर मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख ने संवत्सरी महापर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस महापर्व का एक मात्र उद्देश्य आत्मा का विकास है जिसमें सब अपनी क्षमतानुसार अपनी आत्मा की शुद्धि करते है । यह पर्व मात्र जैन धर्म का ही नहीं बल्कि यह सार्वभौम पर्व है संवत्सरी एक ऐसा अवसर है जो हमें महाविनाश से महानिर्माण की ओर अग्रसर करते हुए जीवन निर्माण की प्रेरणा देता है । पर्यूषण पर्व सात दिन त्याग, तपस्या, शास्त्र-श्रवण व धर्म आराधना के साथ मनाने के बाद आठवें दिन संवत्सरी महापर्व के रूप में मनाया जाता है । एक दूसरे से क्षमा याचना कर मैत्री भाव की ओर कदम बढ़ाते है । इस दिन वर्ष पर्यन्त किये गये पापों के लिए प्रायश्चित कर अपने मन को निर्मल बना सकते है । अतः हमें हृदय से अपने किये गये कर्मों की समालोचना करनी चाहिए कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय में संचालित ह्यह्यजीवन विज्ञान एव जैन विद्याह्लह्ल विषय की व्याख्याता सुनीता जैन ने अपने उद्बोधन में बताया संवत्सरी पर्व जैन धर्म का नववर्ष प्रारंभ है । यह हमें वर्ष पर्यन्त संयम प्रधान जीवन जीने हेतु प्रेरणा देता है ,सृष्टि कर्म प्रधान है हमें कर्म निर्जरा प्रधान जीवन जीना चाहिए प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा ने बताया कि संवत्सरी शुद्ध रूप से आत्म निरीक्षण, आत्म चिंतन, आत्म मंथन व आत्म शोधन का पर्व है । उन्होनें बताया कि जप तप ध्यान स्वाध्याय के द्वारा क्रोध, मान, माया, लाभ, राग, द्वेष आदि आंतरिक शत्रुओं का नाश होगा तभी आत्मा अपने स्वरूप में अवस्थित होगी । कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता प्रीति शर्मा ने किया । इस अवसर पर समिति अध्यक्ष शांतिलाल नबरिया तथा सभी संकाय सदस्य, बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं । महाविद्यालय अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया ।

### राजकीय उ.मा. स्कूल डगडगा में 37.50 रुपये की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का स्थानीय विधायक ने किया शिलान्यास

**37.50 लाख रुपए की लागत से होगा विद्यालय में तीन कमरों का निर्माण**





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत कीलपुरखेडा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डगडगा में 37.50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले तीन कमरों का शिलान्यास शनिवार को क्षेत्रीय विधायक जोहरी लाल मीणा के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुआ जिसमे सबसे पहले मां सरस्वती के दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक जोहरी लाल मीणा को बैंड बाजा के साथ घोड़ी पर चढाकर स्कूल तक लाया गया विधायक ने लोगों से अपील की है कि आप कांग्रेस में बोटिंग करे और मुझे दुबारा से राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र से विधायक बना दीजिए फिर मैं सबसे पहले डगडगा में काम करवाउंगा ओर हमेशा जनता की सेवा करता हूं ओर आगे भी इसी तरह से करता रहूंगा । इस दौरान स्थानीय सरपंच ऋषि राज मीणा , स्कूल प्रधानाचार्य बाबूलाल सहित समस्त स्टाफ , डोरोली सरंपच प्रतिनिधि छज्जू सिंह गुर्जर सहित पूर्व सरपंच एवं जिला पार्षद प्रतिनिधी पप्पू राम खड़गपुर एवं मण्डल डायरेक्टर रामस्वरूप डेरा , पूर्व सरपंच रामजीवन , पूर्व सरपंच हरिकिशन मीना सहित सैकड़ों स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। मिडिया को यह जानकारी स्थानीय सरपंच रिषिराज मीना के द्वारा व क्षेत्रीय विधायक के पीए मौनू शर्मा ने दी है। विधायक को ग्रामीण लोगो के द्वारा मंच के माध्यम से अनेक जनहित समस्याओ से लिखित मे अवगत कराया लेकिन विधायक जौहरीलाल मीना ने बताया कि अब तो आचार संहिता लगने वाली है इसलिए कुछ भी काम कराना सम्भव नही है आप फिर दुबारा से विधायक बनाओ तब काम हो सकते है।

### बस स्टैण्ड पर अवैध जीपों का जमावड़ा, कार्रवाई के लिए लिखा पत्र

सितारा न्यूज नेटवर्क

**नारायणपुर, (बिन्टू कुमार)** कस्बे में लाखों रुपए से निर्मित रोडवेज बस स्टैण्ड पर इन दिनों अवैध जीप व अन्य वाहनों का जमावड़ा होने से मुख्य बस स्टैण्ड अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहा हैं। इसको लेकर मत्स्य नगर आगार के मुख्य प्रबंधक सपना मीणा ने एसडीएम और थानाधिकारी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की हैं। दिए गये पत्र में बताया गया है कि राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसे प्रतिदिन नारायणपुर बस स्टैण्ड से संचालित हैं। परन्तु कुछ अवैध जीप व अन्य वाहन बस स्टैण्ड के अंदर खड़े कर दिए जाते हैं। जिससे रोडवेज बस चालकों को कई परेशानियों का सामना करना पड रहा हैं।

## मौजपुर में महिलाओं ने मनाया हरियाली तीज महोत्सव





सितारा न्यूज नेटवर्क

**लक्ष्मणगढ़।** लक्ष्मणगढ़ नगर पालिका क्षेत्र के मौजपुर गांव में शनिवार को महिलाओं ने हरियाली तीज महोत्सव मनाया। कार्यक्रम संयोजक नीलम शर्मा ने बताया हरियाली तीज का पर्व हर उम्र की महिला के लिए काफी खास होता है। इस दिन महिलाएं व्रत करके पूजा-पाठ तो करती ही हैं, साथ में कई जगहों पर तो तीज के दिन झूला डालने का रिवाज है। झूला डालकर महिलाएं एक साथ झूला झूजती हैं और लोकगीत गाती हैं। आयो रे तीज आयो, मन में उमंग और दिल में तरंग लायो और एक दूसरे को घेवर खिलाकर बधाई दी। इस दौरान निहारिका शर्मा, रिया गुप्ता, आंचल जैन, संतरा, आशा, राजश्री आदि महिलाएं मौजूद रही।

# कुख्यात डकैत से धौलपुर पुलिस की मुठभेड़, डकैत और उसके भाई सहित एक अन्य बदमाश गिरफ्त में

*बदमाश पर 15000 रुपये का ईनाम था घोषित, बदमाशों से एक पचपैरा व 19 राउंड जिन्दा कारतूस किए बरामद*





सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर/अंकित गोयल।** आईजी साहब भरतपुर रेंज भरतपुर रुपिन्दर सिंह आईपीएस व जिला पुलिस अधीक्षक महोदय जिला धौलपुर मनोज कुमार आईपीएस के दिशा निर्देशन एवं ओमप्रकाश मीणा आरपीएस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर व देवेन्द्र सिंह राजावत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाडी एवं रविराज सिंह आरपीएस वृताधिकारी वृत सरमथुरा के निकटतम सुपरवीजन में सुरेश सांखला आरपीएस वृत्ताधिकारी वृत धौलपुर शहर के नेतृत्व में पुलिस थाना आंगई डीएसटी व एडीएफ टीम पुलिस द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए साईबर सैल प्रभारी राजकुमार हैड कांस्टेबल की तकनीकी सूचना के आधार पर पुलिस थाना आंगई क्षेत्रान्तर्गत आंगई बांध के पास आज मध्य रात्रि को डकैत धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का गैंग से हुए पुलिस मुठभेड़ में 15000 रुपये का ईनामी बदमाश रवि उर्फ रविन्द्र को साथी बदमाश अशोक सहित कांस्टेबल चालक परषोत्तम थाना आंगई व कांस्टेबल वीर सिंह गनमैन वृत्ताधिकारी वृत धौलपुर शहर द्वारा अपनी जान को जोखिम में डालकर अदम्य साहस का परिचय देते हुये बदमाश रवि उर्फ रविन्द्र के पैरो मे गोली मारकर दोनो बदमाशो को धर दबोचा। उक्त दोनो बदमाशो के कब्जे से एक पचपैरा बन्दूक मय 19 कारतूस जिन्दा 7 एमएम माउजर को बरामद किया गया है दोनो ही बदमाश रवि उर्फ रविन्द्र व अशोक पुलिस मुठभेड में घायल हुए जिनको उपचार हेतु सामान्य चिकित्सालय बाडी भिजवाया गया जिनका उपचार जारी है बदमाशो द्वारा कार्य में ली गई बोलोरो गाडी को मौके से मय दैनिक उपयोग के सामान सहित जप्त किया गया है। भागे हुए बदमाशो की पहचान कुख्यात डकैत धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का निवासी देव का पुरा मोरोली तहसीला पुत्र दीवान सिंह निवासी देव का पुरा मोरोली, बन्टू निवासी टुन्डे का पुरा योगी उर्फ योगेन्द्र निवासी तिलोदा थाना सराय छोला तथा एक महिला रुप में हुई है उक्त महिला डकैत धर्मेन्द्र उर्फ लुक्का की दोस्त बताई जाती है जो काफी दिनो से उसके साथ रह रही है उपचार हेतु घायल बदमाशों से पूछताछ जारी है जिन्हें उपचार के उपरान्त गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही की जावेगी उक्त घटना का प्रकरण पुलिस थाना आंगई पर पंजीबद्ध कर अनुसंधान जारी है कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम का विवरण सुरेश सांखला आरपीएस वृत्ताधिकारी वृत धौलपुर शहर (नेतृत्व कर्ता), राजकुमार हैड कांस्टेबल साईबर सैल प्रभारी धौलपुर (तकनीकी सूचना संकलन), पुरुषोत्तम चालक पुलिस थाना आंगई (विशेष भूमिका), वीर सिंह गनमैन वृत्ताधिकारी वृत शहर धौलपुर (विशेष भूमिका), बद्री सिंह चालक सीओ सिटी धौलपुर, नरेन्द्र एडीएफ टीम बाड़ी, गोपाल, ईवरदयाल, ओमवीर, दशरथ, अशोक, एडीएफ टीम बाड़ी, दूसरी टीम का विवरण घनश्याम सिंह एएसआई डीएसटी धौलपुर, माखन, देवेन्द्र कुमार, योगेन्द्र, धर्मेन्द्र, सूबेदार, राजेन्द्र, रामू कुमार, वासुदेव चालक, ललित चालक डीएसटी धौलपुर, तीसरी टीम का विवरण रामनिवास मीना उप निरीक्षक थानाधिकारी थाना आंगई, जगदीश, सत्यप्रकाश, अजय सिंह, ओमप्रकाश, भँवर सिंह, दिगम्बर, विपन सिंह पुलिस थाना आंगई मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# मोदी के नेतृत्व में विकास पथ पर भारत



अमृतकाल
नरेंद्र सिंह तोमर
केंद्रीय कृषि एवं किसान विकास मंत्री

यह अमृतकाल का क्षण है। देश अपने नेतृत्व को उम्मीद भरी दृष्टि से देख रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर गुजरा एक दशक इन उम्मीदों को पूरा करने के प्रयत्नों का गवाह रहा है। आने वाला समय इन स्वप्नों को वास्तविकता में परिवर्तित होते देखने का समय है। यह केवल एक आस नहीं है बल्कि विश्वास है। इस विश्वास का आधार कर्मठता की सनातन परंपरा है। वह परंपरा जिसका आधार राष्ट्र हित और पं. दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय है। वह परंपरा जिसका पालन हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

अमृतकाल में भारत का यशोवर्द्धन होगा। यह विश्वास करने के पीछे कई कारण हैं। इस बार जब स्वतंत्रता दिवस पर जब पीएम मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत में कहा, कि 140 करोड़ मेरे भाई-बहन, मेरे परिवारजन... तो मुझे 11 सितंबर 1893 को शिकागो में हुई विश्व धर्म संसद याद हो आई। याद आया कि स्वामी विवेकानंद ने 'भाई और बहनों' कह कर समूचे विश्व को प्रभावित कर लिया था। आज हमारे प्रधानमंत्री मोदी उसी वैश्विक नेतृत्व के रूप में स्वीकार किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी का यह कहना हमारे विश्वास को मजबूत करता है कि भारत से जो प्रकाशपुंज उठा है, उसमें विश्व को ज्योति नजर आ रही है। आज हमारे पास लोकतंत्र, जनसंख्या और विविधता है और यह त्रिवेणी भारत के हर सपने को साकार करने का सामर्थ्य रखती है। भारत का सबसे बड़ा सामर्थ्य बना है विश्वास, सरकार के प्रति जन जन का विश्वास और विश्व का भारत के प्रति विश्वास।

हमारा विश्वास बेवजह नहीं है। यह बात कुछ उदाहरणों से सिद्ध होती है। 2014 में हम वैश्विक अर्थव्यवस्था में 10 वें नंबर पर थे, आज पीएम मोदी के नेतृत्व में हम विश्व की 5 वीं अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता संभालने के पहले दिन से ही कृषि और किसानों के विकास को देश की तरक्की का मूल माना है। यही कारण है कि बीते वर्षों में कृषि व्यवस्था की तस्वीर ही बदल गई है। किसानों के हितों की रक्षा के लिए सदैव चिंतित और प्रयासरत रहने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि बजट को लगभग 5 गुना बढ़ा कर कृषि विकास में बाधा बन रही धन की कमी को दूर किया है। किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी महत्वाकांक्षी योजना मोदी ने प्रारंभ की, जिसमें अभी तक 2.60 लाख करोड़ रु. करोड़ों किसानों के खातों में जमा कराए जा चुके हैं। यहां यह बताना जरूरी है कि पहले यह राशि बिचौलियों में बंट जाती थी व मूल किसान तक पैसा पहुंचता भी नहीं था। लेकिन पारदर्शी व्यवस्था के कारण अब ये राशि बिना बिचौलियों के सीधे किसानों को मिलती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अब तक किसानों द्वारा 29 हजार करोड़ रु. प्रीमियम जमा कराई गई, जबकि नुकसान वाले किसानों को 1.40 लाख करोड़ रु. क्लेम दिया जा चुका है। एफपीओ देश में कृषि क्षेत्र में परिवर्तन लाने, छोटे किसानों को सशक्त बनाने व कृषि परिदृश्य को बदलने के अभिप्रेरक के रूप में उभरे हैं। इस बार बजट में मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए श्री अन्न योजना की शुरुआत की गई है। मुझे खुशी है कि इस योजना में बाजारा, रागी और ज्वार के न्यूनतम



समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 2013-14 की तुलना में दोगुने तक की वृद्धि की गई है। यह योजना किसानों समृद्धि लाने वाली सिद्ध हो रही है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास के हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वप्न को पूरा करने के प्रति हम कृतसंकल्पित हैं।देश की यह तरक्की समूचे विश्व को दिखाई दे रही है, मगर हमारा विपक्ष खासकर कांग्रेस इस ओर आंखें बंद किए बैठा है। तभी तो वे संसद में मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाते हैं और पीएम मोदी के भाषण में बहिर्गमन कर जाते हैं, क्योंकि उनमें सच बोलने का साहस नहीं है। विपक्ष स्वार्थ की यही राजनीति मध्य प्रदेश में भी कर रहा है।

2023 का दौर याद कीजिए जब प्रदेश में कांग्रेस सरकार की नीतियों और अकर्मण्यता से तंग आ कर जनता ने भाजपा को सरकार बनाने का अवसर दिया था। उसके बाद से अब तक भाजपा की सरकारों से विकास के उजले पृष्ठ लिखे हैं। तब मध्य प्रदेश शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, खेती किसानी, बाल मृत्यु, मातृ मृत्यु, उद्योग का संकट जैसे तमाम पहलुओं पर बीमारू कहा जाता था। आज स्थिति क्या है? सभी को पता है कि मध्य प्रदेश ने कृषि उत्पादन में रिकार्ड वृद्धि की है। सिंचाई का रकबा ऐतिहासिक रूप से बढ़ा है। हमारे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संकल्प जताया है कि 2030 तक प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय को दोगुना किया जाएगा। यह संकल्प बिना कृषि समृद्धि के संभव नहीं है। इसीलिए शिवराज सरकार ने तय किया है कि राज्य के कुल कृषि उत्पादन को बढ़ाकर 10 करोड़ मीट्रिक टन के स्तर तक ले जाया जाएगा। हर किसान के खेत के अंतिम छोर तक भरपूर सिंचाई सुविधा दे कर सिंचाई क्षमता को 65 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाया जाएगा। प्रदेश में 44 हजार 605 करोड़ लागत की केन-बेतवा लिंक परियोजना मंजूर हो चुकी है। प्रदेश में 486 सिंचाई परियोजनाओं से 33 लाख हेक्टेयर की अतिरिक्त सिंचाई क्षमता बढ़ेगी। प्रबंध किए जाएंगे कि प्रदेश में कोई परिवार बिना छत के नहीं रहेगा। इसके लिए सभी नागरिकों को पक्का मकान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री जन आवास योजना प्रस्तुत कर आवास से वंचित सभी लोगों को योजना में शामिल किया जाएगा। भांजियों की चिंता करने वाले हमारे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली लक्ष्मी योजना प्रस्तुत की थी। वे बेटियों के मामा है और बहनों के भाई। यही कारण है कि बहनों को आर्थिक सुरक्षा और शक्ति देने के लिए लाडली बहना योजना लांच की गई है। इस योजना में प्रति माह सवा करोड़ बहनों के खाते में एक हजार रुपये भेजे जा रहे हैं। यह राशि बढ़ा कर 3 हजार रुपये करने की योजना है। मुख्यमंत्री चौहान तो संकल्प रखते हैं कि बहनों की आय दस हजार रुपये प्रतिमाह तक हो जाए। यह शिवराज सरकार ही है, जिसने आदिवासी समुदाय के हित में पेसा कानून लागू किया है। यह आदिवासी समाज के हितों का संरक्षण करने की दिशा में यह सरकार का अभूतपूर्व निर्णय है। आदिवासी बहुल विकासखंडों में पेसा कानून लागू होने से आदिवासी समुदाय को जल, जंगल और जमीन का अधिकार मिलेगा। सीएम चौहान ने पेसा एक्ट लागू करने को महाअभियान बना दिया है। हर गांव में समितियां गठित की गई और इन समितियों में एक तिहाई सदस्य महिलाओं को रखा गया।

मुख्यमंत्री चौहान के नेतृत्व में मध्य प्रदेश उस राह पर चल रहा है, जिस विकास पथ का स्वप्न प्रधानमंत्री मोदी ने देखा है। इस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 21वीं सदी का एक समर्थ और समृद्ध भारत स्वरूप ले रहा है। एक ऐसा भारत जिसकी उज्ज्वल आभा से दुनिया अचंभित और चमत्कृत है। प्रधानमंत्री मोदी का दिया मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास का मंत्र देश का मिशन बन गया है। हम सब इस प्रगति यात्रा के सहगामी बने। देश के विकास में अपना योगदान दें क्योंकि देश का समृद्ध, सम्पन्न और सक्षम भविष्य भाजपा के हाथ में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के शासनकाल में है। हमारे कल का भारत, भाजपा की रीति-नीतियों से संवरा भारत है।

# सर्वधर्म समभाव के प्रतीक राजीव गांधी



जयंती विशेष
सुरेश पचौरी
पूर्व रक्षा उत्पादन, कार्मिक एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी ऐसी विभूतियों में से एक हैं, जिनका स्मरण हमें आलोकित करता है एवं हमारा मार्ग प्रशस्त करता है। राजीव गांधी ने भारत को तेजी से तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास किये। राजीव गांधी ने भारत को आधुनिक खुशहाल और मजबूत राष्ट्र बनाने में विशेष भूमिका निभाई। राजीव गांधी दूरदृष्टि सम्पन्न राजनेता थे। सूचना प्रौद्योगिकी में आज भारत विश्व में जिस स्थान खड़ा है, वह राजीव गांधी की ही देन है। इसीलिए उन्हें 'भारत की सूचना प्रौद्योगिकी का जनक कहा जाता है।

राजीव गांधी एक सच्चे लोकतंत्रवादी थे। एक ऐसे व्यक्ति थे जो सदा नये विचारों और रचनात्मक आलोचनाओं का स्वागत करते थे। एक सांसद, प्रधानमंत्री, कांग्रेस अध्यक्ष एवं नेताप्रतिपक्ष के रूप में उन्होंने जो भी भूमिका निभाई, सभी में उन्होंने राष्ट्र हित में समर्पण भाव से अपने दायित्व का निर्वहन किया।


आज सांप्रदायिकता देश में नए सिरे से जड़ें जमा रही है, तब यह रेखांकित करना बहुत आवश्यक है कि सांप्रदायिकता के खिलाफ राजीव गांधी का नजरिया बड़ा साफ था। राजीव का मानना था कि फिरकापरस्ती और धर्म की आड़ लेकर लोगों के बीच में दरार डालना सबसे बड़ी बुराई हैं। इन ताकतों के पास आर्थिक प्रश्नों को सुलझाने का कोई कार्यक्रम नहीं हैं। देश की गरीबी, भूखमरी और बेरोजगारी मिटाने के लिए जरूरी है कि देश में शांति और सदभाव का माहौल हो।

सबकी सुनना और सबको साथ लेकर चलना राजीव गांधी के व्यक्तित्व की सबसे बड़ी विशेषता थी। वे आमजन की समस्याओं को बड़े ध्यान से देखते, सुनते थे और फिर सही दिशा-निर्देश देकर उसको सुलझाने का काम करते थे। यही उनकी कार्यशैली थी। राजीव गांधी ने कभी भी बदले या द्वेष की राजनीति नहीं की।

राजीव राजनीति में सतत संवाद के पक्षधर थे। वे मानते थे कि बिना संवाद के विश्वास पैदा नहीं हो सकता और बिना विश्वास के राजनीति नहीं चल सकती। इसी पारस्परिक संवाद की राजनीति को अमलीजामा पहनाते हुए उन्होंने पंजाब, असम और मिजोरम समझौते किए, जिससे इन प्रदेशों में वर्षों से चल रही उथल पुथल अशांति एवं हिंसक गतिविधियों पर विराम लगा और हजारों अलगाववादी समाज की मुख्य धारा से जुड़े।

राजीव गांधी इस बात को भली-भांति जानते थे कि किसी भी सामाजिक व्यवस्था के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने यह भी कहा कि चाहे घर हो या कार्यस्थल, महिलाओं का योगदान कभी भी पुरुषों से कम नहीं रहा है, महिलाओं को शिक्षा और रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। राजीव गांधी ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में अभूतपूर्व प्रयास किये। उन्होंने महिलाओं को अधिकार दिलाने की कई योजनाएं लागू कीं। पंचायतों एवं नगरीय निकायों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की।

राजीव गांधी भारत का भविष्य युवाओं की आँखो में देखते थे। उन्हें भारत की युवाशक्ति पर इतना विश्वास था कि उन्होंने मताधिकार की पात्रता



आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी। उनका मानना था कि जब 18 वर्ष की आयु में युवा संपत्ति का अधिकारी हो जाता है तो मताधिकार से उसे वंचित रखना ठीक नहीं। इस अधिकार की बदौलत लोकतंत्र में आज युवा महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

राजीव गांधी के मन में गरीबों के प्रति सच्ची हमदर्दी थी और वे एक ऐसे समाज की स्थापना करना चाहते थे, जिसमें सब बराबरी के साथ अपनी जिन्दगी जियें और स्वाभिमान के साथ अपना गुजर-बसर कर सकें। वे गरीब की झोपड़ी में एक ऐसा भारत देखना चाहते थे, जिसमें खुशहाली की इबारत लिखी हो। वे चाहते थे कि गांव के विकास का पैसा सीधे गांव की पंचायतों तक पहुंचे और गांव में विकास की दिशा, ग्रामवासी मिलजुल कर तय करें। इसलिए उन्होंने सत्ता का विकेन्द्रीकरण कर पंचायतराज व्यवस्था सुनिश्चित की। राजीव का यह भी मानना था कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं। उन्होंने सातवीं पंचवर्षीय योजना में कृषि में ज्यादा पूंजीनिवेश का प्रावधान किया। कृषि में उत्पादकता बढ़ाने के लिए जल संसाधनों के इस्तेमाल पर जोर दिया। इसीका परिणाम था कि उनके प्रधानमंत्रित्व काल में खाद्यान्नों का रिकार्ड उत्पादन हुआ। राजीव ने हरितक्रांति की समीक्षा की और यह पाया कि हरित क्रांति से गेहूं का उत्पादन तो काफी बढ़ा है, परंतु तिलहन और दलहन के क्षेत्र में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने तिलहन का उत्पादन बढ़ाने के लिए तिलहन टेक्नोलॉजी मिशन बनाया। दलहन के लिए राष्ट्रीय परियोजना शुरू की।

आज जिस डिजिटल इंडिया की बात पूरे देश में हो रही है, उसकी आधारशिला राजीव गांधी ने ही रखी है। उन्होंने संचारक्रांति का शंखनाद किया और वे देश में कम्प्यूटर क्रांति के जनक बने। राजीव गांधी का विश्वास था कि भारत का भविष्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी में निहित है।

राजीव ने पर्यावरण संरक्षण के लिए मजबूत कदम उठाये। उन्होंने केन्द्रीय गंगा विकास प्राधिकरण की स्थापना कर गंगा नदी की सफाई का अभियान शुरू किया। राजीव ने अपरंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों के दोहन को वरीयता दी एवं बायोगैस के प्रयोगों को बढ़ावा दिया। उन्होंने जैव प्रौद्योगिकी, परमाणु ऊर्जा आदि क्षेत्रों में नये कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया तथा पेयजल, खाद्यान्न, दूरसंचार, कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों में भी प्रगति हेतु विभिन्न टेक्नोलॉजी मिशन गठित किए।

आज मणिपुर के हालात बेकाबू हैं। वहां असम रायफल्स के जवान और मणिपुर पुलिस में झड़प हो रही है। मणिपुर की समस्या की अनदेखी होने के कारण वहां पर दो मणिपुर बन गये हैं। एक पहाड़ों में और दूसरा घाटी में। मणिपुर के हालातों को देखकर आज राजीव गांधी की याद बड़ी शिद्दत से आती है। जिस प्रकार राजीव गांधी ने पंजाब, असम और मिजोरम की समस्याओं का बातचीत से शांतिपूर्ण समाधान निकाला था, ठीक वैसे ही आज मणिपुर को शांति और सद्भाव की जरूरत है। वार्ता से समाधान निकलना चाहिए।

राजीव गांधीजी की स्मृति को संजोए रखना उनके उस सपने का सम्मान होगा, जो उन्होंने नये भारत के नवनिर्माण के लिए देखा था। अपने प्रधानमंत्रित्व काल में उन्होंने 'विजन 2020' कार्यक्रम प्रारंभ किया था, जो उनकी दूरदर्शिता का परिचायक है। स्व. राजीव गांधी का पुण्य स्मरण करते समय हमें उनके भारत संकल्प को याद रखना होगा। उनका प्रेरणादायी आव्हान था – 'आओ, हम ऐसे भारत का निर्माण करें, जिसे अपनी स्वाधीनता पर गर्व हो, जो अपनी स्वतंत्रता की रक्षा करने में पूर्ण सक्षम हो। जो सशक्त, कृषि एवं आधुनिक उद्योगों में आत्मनिर्भर हो, जो जाति, धर्म और क्षेत्र की संकीर्ण भावनाओं से ऊपर उठकर एकता के सूत्र से अनुप्राणित हो। जो निर्धनता तथा सामाजिक असमानताओं से मुक्त हो। एक ऐसा महान भारत, जो पूर्ण अनुशासित एवं कार्य कौशल युक्त हो। जो वैचारिक, धार्मिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों से प्रतिष्ठित हो'।

भारत रत्न राजीव गांधी की स्मृति बनाए रखना सिर्फ रस्म अदायगी नहीं बल्कि उस सपने का भी सम्मान होगा, जो उन्होंने नवीन, सक्षम और समृद्ध भारत के लिए देखा था।

**गुलामी की मानसिकता से मुक्ति की दिशा में आगे बढ़ते हुए केंद्र सरकार भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), अपराध दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), साक्ष्य अधिनियम (एविडेंस एक्ट) में आमूलचूल सुधार करते हुए तीन नए कानून लेकर आ रही है। इसके लिए तीन विधेयक भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक-2023 संसद में पेश किए गए हैं। अभी इनको स्थाई समिति के पास भेजा गया है। इन पर व्यापक विचार विमर्श होगा, इन पर विपक्ष की सियासत भी तेज है। इन कानूनी सुधारों का आकलन करता आजकल का यह अंक...**

# न्याय-प्रणाली पर व्यापक विचार का मौका



विश्लेषण
प्रमोद जोशी
वरिष्ठ पत्रकार

**गृहमंत्री ने संसद सत्र के आखिरी दिन तीन बिल पेश किए, जिनसे भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम में बड़े बदलाव होंगे। इन कानूनों का श्रेय अंग्रेजी राज को, खासतौर से टॉमस बैबिंगटन मैकॉले को दिया जाता है। सरकार का दावा है कि ये विधेयक औपनिवेशिक कानूनों की जगह पर राष्ट्रीय-दृष्टिकोण की स्थापना करेंगे, इसीलिए इनके नाम अंग्रेजी में नहीं, हिंदी में हैं। नए नाम हैं भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक-2023। बहरहाल न्याय-प्रणाली पर विचार का यह अच्छा अवसर है।**

मानसून सत्र के आखिरी दिन 11 अगस्त को गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में भारतीय न्याय संहिता विधेयक-2023 पेश करके देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में बुनियादी बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। एक महत्वपूर्ण और स्मरणीय सुधार माना जा रहा है। गृहमंत्री ने इस सिलसिले में तीन बिल पेश किए, जिनसे भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और साक्ष्य अधिनियम में बड़े बदलाव होंगे। इन कानूनों का श्रेय अंग्रेजी राज को, खासतौर से टॉमस बैबिंगटन मैकॉले को दिया जाता है। कहा जाता है कि उन्होंने बहुत दूरदृष्टि के साथ यह काम किया था। सरकार का दावा है कि ये विधेयक औपनिवेशिक कानूनों की जगह पर राष्ट्रीय-दृष्टिकोण की स्थापना करेंगे, इसीलिए इनके नाम अंग्रेजी में नहीं, हिंदी में हैं। नए नाम हैं भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 और भारतीय साक्ष्य विधेयक-2023। इस दृष्टि से देखें, तो संकल्प सिद्धांततः अच्छा है, फिर भी इन्हें पास करने में जल्दबाज़ी नहीं होनी चाहिए। इनका हमारे जीवन पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। हालांकि इन्हें तैयार करने के पहले विमर्श की लंबी प्रक्रिया चली है, फिर भी इनके न्यायिक, सामाजिक और सामाजिक प्रभावों पर व्यापक विचार-विमर्श की ज़रूरत होगी। इन्हें पेश करने के बाद संसद की स्थायी समिति के पास भेज दिया गया। संसदीय समिति में इसके विभिन्न पहलुओं पर बारीकी से विचार होगा। उसके बाद इन्हें विधि आयोग के पास विचारार्थ भी भेजा जाएगा।



## बुनियादी सवाल

यह समझने की जरूरत है कि इन विधेयकों को लाने का उद्देश्य क्या है? क्या कोई अघोषित उद्देश्य भी है? यह व्यवस्था क्या आपराधिक-न्याय प्रणाली के दोषों को दूर करके उसका 'ओवरहॉल' कर सकती है? क्या केवल कानूनी बदलाव से यह 'ओवरहॉल' संभव है? मतलब न्याय-प्रणाली और पुलिस-व्यवस्था में सुधार किए बगैर यह 'ओवरहॉल' हो पाएगा? न्याय-प्रणाली और पुलिस-व्यवस्था में सुधार कौन और कैसे करेगा? अभी तक वह क्यों नहीं हो पाया है? ऐसे तमाम सवाल अब खड़े होंगे। सरसरी निगाह से भी देखें, तो ये तीनों विधेयक वर्तमान व्यवस्था में कुछ बदलावों का सुझाव दे रहे हैं, बुनियादी व्यवस्था-परिवर्तन इनसे भले न हो, फिर भी यह साहसिक-निर्णय है। इन कानूनों को तार्किक-परिणति तक पहुंचने के लिए राजनीतिक और सामाजिक संरचना से होकर भी गुजरना होगा। विरोधी-राजनीति ने कुछ दूसरे सवाल उठाने के अलावा यह भी कहा है कि इन कानूनों को 'गुपचुप' तरीके से लाया गया है वगैरह। क्या सच में ऐसा है?

## तैयारी और पृष्ठभूमि

विधेयक पेश करते समय गृहमंत्री ने कहा कि सरकार ने पिछले चार साल में इस विषय पर काफी विचार-विमर्श किया है। सरकार ने 2019 में राज्यपालों, उप राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों के साथ इस विषय पर बातचीत की थी। 2020 में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्टों के मुख्य न्यायाधीशों, बार कौंसिलों और विधि विश्वविद्यालयों को इस विमर्श में शामिल किया गया। 2021 में सांसदों और आईपीएस अधिकारियों को पत्र भेजे गए। हमें 18 राज्यों, छह केंद्र शासित प्रदेशों, सुप्रीम कोर्ट और 16 हाईकोर्टों, पांच ज्यूडिशियल अकादमियों, 142 सांसदों, 270 विधायकों और नागरिकों के सुझाव प्राप्त भी हुए हैं। ब्यूरो ऑफ रिसर्च एंड डेवलपमेंट (बीपीआरडी) को राज्यों तथा केंद्र के सुरक्षा बलों में नियुक्त आईपीएस अधिकारियों के सुझाव मिले हैं। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलपति की अध्यक्षता में बनाई गई समिति ने विचार किया, जिसकी 58 औपचारिक और 100 अनौपचारिक बैठकें इस विषय पर हुईं। इसके पहले भी विधि आयोग देश की आपराधिक न्याय-व्यवस्था में सुधार के बारे में विचार करता रहा और सुझाव देता रहा है। इसके अलावा बेज़बरुआ समिति, विश्वनाथन समिति, मलिमथ समिति, माधव मेनन समिति ने भी सुझाव दिए हैं। संसद की स्थायी समिति ने 2005 में अपनी 111वीं, 2006 में 128वीं और 2010 में 146वीं रिपोर्टों में भी इस आशय के सुझाव दिए हैं। मई 2020 में महामारी के दौरान इस विषय पर सुझाव देने के लिए नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के कुलपति की अध्यक्षता में बनी विशेषज्ञ समिति ने भी सुझाव दिए। इन सबको शामिल करते हुए भारत दंड संहिता, 1860, दंड प्रक्रिया संहिता, 1898, 1973 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 को समाप्त करते हुए उनके स्थान पर तीन नए कानूनों का प्रस्ताव किया है। जो अभी स्टैंडिंग कमेटी के पास है।

## प्रमुख बदलाव

भारतीय न्याय संहिता विधेयक-2023, जो प्रमुख परिवर्तन करना चाहता है, उन पर भी अब एक नज़र डालें। राजद्रोह कानून निरस्त हो जाएगा। सरकार के खिलाफ नफरत, अवमानना, असंतोष पर दंडात्मक प्रावधान नहीं होंगे, लेकिन राष्ट्र के खिलाफ कोई भी गतिविधि दंडनीय होगी। महिलाओं और बच्चों को हिंसा से बचाने के लिए इसमें नए प्रावधान हैं। धारा 377 को पूर्ण रूप से हटाकर समलैंगिकता, बल्कि पुरुषों और महिलाओं के बीच सहमति या गैर-सहमति से हुए अप्राकृतिक संबंधों को वैध घोषित कर दिया जाएगा। सामुदायिक सेवा को सजा के नए स्वरूप के तौर पर पेश किया गया है। इसमें आतंकवाद को पारिभाषित किया गया है। सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियों, अलगाववादी गतिविधियों या भारत की संप्रभुता या एकता और अखंडता को खतरा पहुंचाने वाली गतिविधि के लिए नए प्रावधान जोड़े गए हैं। शादी, रोजगार, प्रमोशन, झूठी पहचान आदि के झूठे वादे के आधार पर यौन संबंध बनाना नया अपराध है। गैंगरेप के लिए 20 साल की कैद या आजीवन जेल की सजा होगी। पीड़िता नाबालिग है तो आजीवन कैद/मृत्युदंड का प्रावधान किया गया है। नस्ल, जाति, समुदाय आदि के आधार पर लिंचिंग के लिए न्यूनतम सात साल की कैद या आजीवन कैद या मृत्युदंड की सजा होगी। स्नैचिंग के मामले में गंभीर चोट लगे या स्थायी विकलांगता हो, तब कठोर सजा की व्यवस्था इसमें है। बच्चों को अपराध में शामिल करने पर कम से कम 7-10 साल की सजा होगी। चोरी, घर में नकबजनी, सेंध लगाने जैसे कम गंभीर मामलों में संक्षिप्त सुनवाई यानी समरी ट्रायल अनिवार्य कर दिया गया है। जिन मामलों में सजा तीन साल तक है, उनमें मजिस्ट्रेट लिखित में कारण दर्ज करने के बाद संक्षिप्त सुनवाई कर सकता है। सज़ा को कम करने के नियम निर्धारित- मौत की सज़ा को उम्रकैद में, उम्रकैद को सात साल, सात साल की सज़ा को तीन साल में तब्दील करना वगैरह। यह सूची बहुत लंबी है।

## नई तकनीक

समय के साथ नई तकनीकों का इस्तेमाल भी बढ़ा है। इसे देखते हुए साक्ष्य अधिनियम में भी बदलाव होंगे। अब 'दस्तावेज' का मतलब इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड, ईमेल, सर्वर लॉग, कंप्यूटर में फाइलें, स्मार्टफोन/लैपटॉप संदेश; वेबसाइट, लोकेशन डाटा; डिजिटल उपकरणों पर मेल संदेश शामिल हो जाएंगे। एफआईआर, केस डायरी, चार्जशीट व फैसलों का डिजिटल रूप जरूरी कर दिया गया है। इसमें समन और वॉरंट जारी करना, तामील करना, शिकायतकर्ता और गवाहों की जाँच, साक्ष्य की रिकॉर्डिंग, मुकदमेबाजी और सभी अपीलीय कार्यवाही। थानों और अदालतों में ईमेल के रजिस्टर। पुलिस की ओर से किसी भी संपत्ति की तलाशी और जब्ती अभियान की वीडियो रिकॉर्डिंग। रिकॉर्डिंग बिना किसी देरी के संबंधित मजिस्ट्रेट को भेजी जाएगी।

## राजनीतिक-प्रतिक्रिया

यह विमर्श घूम-फिरकर संसद में आएगा, इसलिए राजनीतिक दलों के बीच सबसे पहले इस विषय पर ईमानदार चर्चा की ज़रूरत है। पंचायती राज, सूचना के अधिकार, शिक्षा के अधिकार, खाद्यान्न सुरक्षा से जुड़े कानूनों पर इस तरह की बहस हुई भी थी। ऐसी बहसों को राजनीति से बचाने की ज़रूरत होती है। आलोचना से भागने की ज़रूरत नहीं है, पर आलोचना संतुलित होनी चाहिए। कांग्रेस ने इसके कुछ प्रावधानों के बारे में संसद और लोगों को 'गुमराह' करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि इन विधेयकों को सरकार 'बिना किसी परामर्श के गुपचुप और अपारदर्शी तरीके से लाई।' पेश करने के तरीके को 'गुपचुप और अपारदर्शी' कैसे कहेंगे? विधेयक सार्वजनिक रूप से विचार के लिए उपलब्ध हैं। उनपर संसद की स्थायी समिति विचार करेगी, जिसमें सभी महत्वपूर्ण दलों के प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति विशेषज्ञों से परामर्श भी कर सकती है। सत्तारूढ़ दल कानूनों का श्रेय वैसे ही लेगा, जैसा अतीत में होता रहा है। यह भी राजनीति है।

## आरोपों की झड़ी

कांग्रेस की तरफ से आरोपों की झड़ी लगाई गई है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि सार्वजनिक परामर्श या कानूनी विशेषज्ञों, न्यायविदों, अपराध विज्ञानियों और अन्य हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए बिना, मोदी सरकार ने अपने 'पिटारे' से तीन विधेयक पेश कर दिए। विधेयकों को भले ही संसद की स्थायी समिति को भेज दिया गया है, लेकिन विधेयकों और उनके प्रावधानों को न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, न्यायविदों, अपराध विज्ञानियों, सुधारवादियों, हितधारकों और आम जनता द्वारा व्यापक सार्वजनिक बहस के लिए खुला रखा जाना चाहिए। कुछ ऐसा ही सुझाव मनीष तिवारी का भी है। कपिल सिब्बल ने आरोप लगाया है कि सरकार औपनिवेशिक समय के कानूनों को समाप्त करने की बात करती है, लेकिन ऐसे कानून के माध्यम से 'तानाशाही' लागू करना चाहती है। तो सिब्बल को बताना चाहिए कि इन विधेयकों में ऐसे कौन से प्रावधान हैं, जो 'तानाशाही' का इशारा कर रहे हैं। बहरहाल, न्याय-प्रणाली पर विचार का यह अच्छा अवसर है। यह देखने का भी कि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बावजूद राज्यों में पुलिस-सुधार क्यों नहीं हुए? और यह भी कि जब संसद में विधेयक बिना बहस के पास हो रहे हैं, तो इन विधेयकों पर चर्चा कैसे होगी? पिक्चर अभी बाकी है।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## सितारा न्यूज ब्रीफ

## मुख्यमंत्री के ओएसडी को बेरोजगारों ने सौंपा ज्ञापन, पेपर सेटर के खिलाफ कार्रवाई की मांग



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।(विनोद धायल)**राजस्थान हाईकोर्ट के एडवोकेट रामप्रताप सैनी और मंगल सैनी के सहयोग से बेरोजगार युवाओं की ओर से शनिवार को मुख्यमंत्री के ओएसडी देवाराम सैनी को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के जरिए मांग की गई कि प्रतियोगिता परीक्षाओं में पेपर सेट करने के दौरान विसंगतियों को समय रहते दूर किया जाए। विसंगतियों के कारण प्रश्नों के उत्तरों को लेकर विवाद होते हैं। विवादित प्रश्नों के कारण कई भर्तियां कोर्ट में अटक जाती है। बेरोजगार युवा हनुमान किसान ने बताया कि पिछले तीन सालों में राजस्थान लोक सेवा आयोग और राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की परीक्षाओं में 120 प्रश्नों को डिलीट किए गए। हाल ही में हुई तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती परीक्षा में 77 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों ने कर्मचारी चयन बोर्ड में आपत्तियां दर्ज कराई थी। इतनी संख्या में प्रश्न डिलीट होने पर मेहनती अभ्यर्थियों को भारी नुकसान होता है। प्रश्न डिलीट होने पर मेरिट लिस्ट भी प्रभावित होती है। ज्ञापन में मांग की गई कि प्रश्नों के उत्तरों में विवाद की स्थिति होने पर पेपर सेटर के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

## असहाय की सहायता करना एक पुनीत कार्य : राजकुमार



सितारा न्यूज नेटवर्क

**हिंगोनियां।** असहाय की सहायता करना एक पुनीत कार्य है यह बात बी पॉजिटिव एनजीओ के सदस्य एवं आईएएस अधिकारी राजकुमार यादव ने असहाय सुशीलादेवी मीणा निवासी गांव-नांदरी, किशनगढ़ रेनवाल को बी पॉजिटिव एनजीओ के द्वारा 40000 हजार रुपए का चैक देकर सहायता करने पर कही। बी पॉजिटिव एनजीओ के सदस्य शिवप्रकाश यादव ने बताया कि सुशीला देवी के पति का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया जिनके तीन पुत्रियों व दो पुत्रों की पढाई एवं घर का खर्चा बहुत मुश्किल हो गया था। इस संकट की घडी में बी पॉजिटिव एनजीओ ने संकट मोचक का कार्य किया। साथ ही भामाशाह सुनिता मीणा ने 45000 रू की सहायता राशि दी। सहायता राशि पाकर सुशिला देवी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

*मुख्यमंत्री के नाम ई-मेल किया गया ज्ञापन*

## राशन डीलर समन्वय समिति राजस्थान द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राशन डीलर समन्वय समिति राजस्थान द्वारा प्रदेश अध्यक्ष डिंपल शर्मा एवम प्रदेश प्रवक्ता सुभाष जोशी द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया जिसमे बताया गया कि पोस मशीन का सर्वर डाउन है जिसके कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है यहां तक कि कई बार राशन डीलर और उपभोक्ताओं में झगड़ा तक हो जाता है। जोकि राशन डीलर के लिए अन्नपूर्णा फूड पैकेट का वितरण करना जी का जंजाल साबित हो रहा है। ज्ञापन में बताया कि अन्नपूर्णा फूड पैकेट वितरण के समय तीन बार बायोमैट्रिक सिस्टम की जगह एक बार बायोमैट्रिक सिस्टम लागू किया जाए जिससे इस समस्या का निदान हो सके। समिति द्वारा इसके संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को जानकारी भी दी गई परंतु अभी तक कोई समाधान नहीं हो रहा है। समिति द्वारा दिए गए ज्ञापन के अंतर्गत बताया गया है कि यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो राशन डीलर समन्वय समिति राजस्थान द्वारा पूरे प्रदेश में अन्नपूर्णा फूड पैकेट वितरण करने का बहिष्कार किया जाएगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।

## विश्व फोटोग्राफी दिवस पर फोटो प्रदर्शनी की हुई मुक्त कंठ से प्रशंसा





सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** विश्व फोटोग्राफी दिवस पर चमन चौराहा स्थित शनि भगवान मंदिर के पास एक फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसके शहर वासियों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है उक्त पुरातत्व फोटो प्रदर्शनी में ब्यावर के इतिहास से जुड़ी अनेक फोटो प्रदर्शित की गई उक्त फोटो के संग्रहकर्ता गोपाल सम्राट द्वारा शनिवार को एक फोटो प्रदर्शनी आयोजित की साथ ही इस कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि के रूप में शहर थाना अधिकारी भूराराम खिलेरी तथा सभापति नरेश कन्नौजिया ने शिरकत की साथ ही वर्धमान शिक्षण समिति के सचिव डाँ नरेन्द्र पारख ,काँग्रेस के युवा नेता मनोज चौहान भी उक्त कार्यक्रम में शामिल हुए गोपाल सम्राट ने भारतीय संस्कृति के तहत सभी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का माला पहनाकर कर भव्य अभिनंदन किया खिलेरी ने उक्त फोटो प्रदर्शनी की मुक्त कंठ से प्रशंसा की है साथ ही यह प्रदर्शनी अतीत की स्मृतियों को वर्तमान में प्रासंगिकता के रूप में परिलक्षित कर रही थी पूर्व सभापति शशी सौलंकी , पेंशनर समाज के नरेन्द्र सिंह पंवार , सुरेन्द्र मारोठिया , प्रदीप पालडिया, पुष्पांजली पारीक,युवा नेता शलैश शर्मा , विजेंद्र प्रजापति सहित शहर के कई गणमान्य व्यक्ति विद्यमान रहे ।

# ग्रामीण इलाकों में बच्चों को अंग्रेजी में ट्रेंड करने के लिए गहलोत सरकार ने खोलें इंग्लिश स्कूल : विधायक अवाना





सितारा न्यूज नेटवर्क

**उच्चैन।** देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष व नदबई विधायक जोगिंदर सिंह अवाना ने उच्चैन की पंचायत समिति के गाँव पना में महात्मा गांधी राजकीय अंग्रेजी विद्यालय का मुख्य अथिति के रूप में लोकार्पण किया विधायक ने शिलापट्टिका का विमोचन कर व फीता काट कर लोकार्पण किया वही मौजूद ग्रामीणों ने विधायक का माला साफा पहना कर और तलवार भेंट कर स्वागत किया और क्षेत्र में कराये गए विकास को लेकर आभार प्रकट किया वही विधायक ने मौजूद ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा की ग्रामीण परिवेश के अधिकतर बच्चे बच्चियां अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में पढ़ नहीं पाते थे इसलिए राज्य सरकार ने इसको गंभीरता से लेते हुए और बच्चे बच्चियों को अंग्रेजी माध्यम शिक्षा से जोड़ने के लिए पूरे प्रदेश में महात्मा गांधी अंग्रेजी



माध्यम विद्यालय खोले गए हैं प्रदेश में बड़ी संख्या में अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परिवर्तित हुई उन्हें में हमारी नदबई विधानसभा में अब तक 26 विधालय परिवर्तित हुए हैं जिसके अंतर्गत पना का विद्यालय अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित हुआ है यह पना सहित आस पास के गाँव के लिए बड़ी सौगात है हमें बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए क्योंकि बेटियां पढ़ लिख कर 2 घरों को रोशन करती है क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़ी बड़ी सौगाते मिली है पहले हमारी उच्चैन के आस पास की बेटियां उच्च शिक्षा के बयाना या भरतपुर जाया करती थी जिससे उनको काफी परेशानियों का सामना कुछ अभिभावक दूरी होने की वजह से बच्चियों को उच्च शिक्षा नही दिला पाते थे लेकिन अब उच्चैन में कॉलेज खुल चुके है जब से मै विधायक बना हु तब से लेकर अब तक उच्चैन में 6-6 डिग्री कॉलेज खुल गए है जो की बहुत बड़ी बात है हर क्षेत्र में काफी विकास हुआ है क्षेत्र में विकास की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी हमें जातिवाद और आपसी मत भेद भुला कर विकास की ओर ध्यान देना चाहिए । वही ग्रामीणों ने विधायक को अपनी मूलभूत समस्या जैसे बिजली,पानी,ल्लार, पालनहार जैसी समस्याओं से अवगत कराया जिस पर विधायक ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर हर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिये और ग्रामीणों को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया इस मौके पर गजेंद्र सिंह, प्रिंसिपल लीना जैन, हरभान सरपंच, प.स.स. ओमवीर मदेरणा, जगदीश चतुर्वेदी, रामवीर गुर्जर, भोजपाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सीएलसी एनडीए एकेडमी के 7 छात्रों का नेवी एसएसआर में चयन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** सीएलसी एनडीए एकेडमी के छात्रों ने नेवी एसएसआर लिखित परीक्षा में शानदार परिणाम देते हुए सफलता का परचम लहराया है। सीएलसी एनडीए एकेडमी इंचार्ज निलेश पिलानिया ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि एनडीए एकेडमी के 7 छात्रों ने नेवी एसएसआर लिखित परीक्षा में सफलता हासिल की है। पिलानिया ने बताया कि एनडीए में शानदार परिणाम देने के बाद नेवी एसएसआर में भी शानदार परिणाम एकेडमी की गुणवत्ता को दशार्ता है। सफल छात्रों ने बताया की उनकी सफलता में एकेडमी की शिक्षको की मेहनत, गुणवतापूर्ण स्टडी मैटेरियल, नियमित टेस्ट सीरीज तथा सीएलसी के सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर वातावरण का महत्वपूर्ण योगदान रहा और वे अपनी सफलता का संपूर्ण श्रेय सीएलसी एनडीए एकेडमी को देते है। शानदार परिणाम की खुशी में एकेडमी में खुशी का माहौल रहा तथा सभी छात्रों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## बोलेरो को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलटा टेंपो

**धौलपुर।** सदर थाना क्षेत्र में बाड़ी रोड पर बोलेरो को बचाने के चक्कर में एक टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। टेंपो के पलटने से उसमें सवार 5 महिला सहित 8 लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टेंपो में सवार सभी लोग खानपुर मीणा गांव से धौलपुर मेडिकल कॉलेज में मजदूरी के लिए आ रहे थे।

जिला अस्पताल में घायलों को लेकर पहुंचे परिजनों ने बताया कि शनिवार सुबह निमार्णाधीन मेडिकल कॉलेज में मजदूरी करने के लिए खानपुर गांव से एक टेंपो में 10 लोग धौलपुर आ रहे थे। इसी दौरान चांदपुर गांव के पास पीछे से तेज गति से आ रही बोलेरो ने टेंपो को ओवरटेक कर दिया।

## राज्यपाल कलराज मिश्र ने जीणमाता में नवाया शीश





सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने शनिवार को सीकर जिले के दांतारामगढ़ तहसील के जीणमाता मंदिर पहुंचकर पूजा–अर्चना कर शीश नवाया। मंदिर पुजारी रामावतार पारासर, अमित पारासर, बजरंग लाल पारासर ने राज्यपाल मिश्र को विधिवत पूजा अर्चना करवाकर जीणमाता का दुपट्टा ओढाकर तथा जीणमाता मंदिर पुजारी परिवार की ओर से राज्यपाल कलराज मिश्र को जीणमाता की प्रतिमा भी भेंट की गई। मंदिर परिसर पहुंचने पर राज्यपाल मिश्र को राजस्थान पुलिस टुकडी ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इससे पूर्व मंदिर परिसर पहुंचने पर जिला कलेक्टर सौरभ स्वामी, पुलिस अधीक्षक परिस देशमुख ने राज्यपाल मिश्र की अगवानी की। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचन्द्र मुण्ड,रींगस उपखण्ड अधिकारी राकेश कुमार,उपवन संरक्षक वीरेन्द्र कृष्णियां, तहसीलदार दांतारामगढ़, दांतारामगढ़ वृताधिकारी जाकीर अख्तर, जीणमाता थानाधिकारी रिया चौधरी, पुलिस उप निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह सहित प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौजूद रहें।

## इन्दिरा गांधी स्मार्टफोन लेकर लाभार्थी जता रहे मुख्यमंत्री का आभार



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के रैणी-उपखंड मुख्यालय पर स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर मे इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत भूलेरी के पात्र लाभार्थियो को फोन दिया गया।

इस दौरान भूलेरी की पात्र लाभार्थी मीनाक्षी को मिला स्मार्ट फोन मिला तो वह बहुत खुश नजर आई और लाभार्थी मीनाक्षी मीना ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया।

## शहर विधायक संजय शर्मा ने पीएचसी में विधायक निधि से उपलब्ध कराएं थ्री फेस जनरेटर का किया शुभारंभ





सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा / अलवर ।** राजकीय शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जगन्नाथ जी मंदिर डिस्पेंसरी में शनिवार को शहर विधायक संजय शर्मा ने अपने विधायक निधि से प्रदत राशि 4 लाख से उपलब्ध कराए गए थ्री फेस जनरेटर का स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ फूलचंद मीणा से फीता कटवाकर व पूर्व पार्षद अशोक जैन से बटन दबाकर जनरेटर का शुभारंभ कराया। इस अवसर पर शहर विधायक संजय शर्मा ने कहा कि पूर्व में स्वास्थ्य केंद्र पर मेरे आगमन के दौरान यहां के चिकित्सकों व आमजन के द्वारा उक्त क्षेत्र में बिजली कटौती की विशेष समस्या बताई थी जिसके चलते यहां उपलब्ध वैक्सीन इंजेक्शन खराब होने का डर हमेशा बना रहता था जिसके निराकरण हेतु एक थ्री फेस जनरेटर उपलब्ध कराने की मांग की गई थी ,मुझे खुशी है कि आज इस स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध इस जनरेटर का लाभ पूर्ण रूप से स्वास्थ्य केंद्र को मिलेगा व यहां पर आमजन एवं मरीजों के लिए उपलब्ध वैक्सीन, इंजेक्शन खराब होने से बच पाएंगे।इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ फूलचंद मीणा व डॉ अरुण वशिष्ठ नर्सिंग जिलाध्यक्ष राजपाल यादव ने शहर विधायक संजय शर्मा, महापौर घनश्याम गुर्जर सहित अन्य अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार किया। कार्यक्रम के दौरान जितेंद राठौड़, दिनेश गुप्ता मंडल अध्यक्ष रवि यादव हरीश अरोड़ा राजेंद्र सैनी राजेंद्र सिंह शेखावत सतीश शर्मा पार्षद जितेंद्र सैनी शीला जांगिड़ सुनील चौधरी देवेंद्र कुमार घनश्याम सोनी अविनाश खंडेलवाल अरुण जैन रामअवतार शर्मा नरेंद्र शर्मा सतीश यादव पंडित जले सिंह महेंद्र पटवारी महेश निहाल वानी उज्जवल अग्रवाल भुवनेश जायसवाल हुकम चंद शर्मा शंकर लाल सैनी सागर यादव दिलीप सिंह नरूका मुकेश तिवारी आदि कार्यकताओं सहित नर्सिंग कर्मी स्वास्थ्य कर्मी उपलब्ध रहे।

## ‘यूथ चला बूथ’ मतदाता जागरूकता अभियान





सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।(विनोद धायल)**कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए ‘यूथ चला बूथ’ कार्यक्रम के तहत 18 अगस्त 2023 को कई गतिविधियाँ जवाहर सर्किल स्थित पत्रिका गेट पर आयोजित की गई। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपने संदेश को नाटक के माध्यम से आमजन तक पहुँचाया। नाटक में यह बताया गया कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए हर समझदार वोटर की भागीदारी आवश्यक है। साथ ही मतदान को लेकर महाविद्यालय की एनएसएस स्वयंसेविकओं लवीना, करिश्मा, वंशिका, जाह्नवी, अंशु, भूमिका, तनु एवं संस्कृति द्वारा नृत्य प्रस्तुत करके संदेश दिया गया। अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया तथा सभी को मत का मूल्य समझाते हुए मताधिकार का अधिकाधिक उपयोग करने पर बल देते हुए लोकतंत्र को स्वस्थ व मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक डॉ. स्निग्धा शर्मा एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आँचल पुरी द्वारा किया गया।

## सीएलसी टेक्नो 24 का पोस्टर विमोचन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।** सीएलसी द्वारा प्रतिभाओं को तलाशकर तराशने के महा अभियान के तहत आयोजित होने वाली परीक्षा टेक्नो'24 के पोस्टर का विमोचन किया गया। टेक्नो'24 के पोस्टर का विमोचन सीएलसी निदेशक इंजीनियर श्रवण चौधरी, सीएलसी सीईओ साहिल चौधरी, सीएलसी सीओओ समर चौधरी तथा सीएलसी टीचिंग टीम के द्वारा किया गया।सीएलसी निदेशक इंजीनियर श्रवण चौधरी ने बताया कि टेक्नो'23 की अपार सफलता और प्रतिभागियों के अभूतपूर्व उत्साह के बाद टेक्नो'24 का आयोजन इस वर्ष 5 नवंबर को किया जाएगा। चौधरी ने बताया कि टेक्नो'24 के द्वारा प्रतिभागियों को विदेश यात्रा, नकद पुरस्कार, क्लासरूम कोर्सेज में 100% तक छात्रवृत्ति तथा विशेष पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे। इस बार टेक्नो परीक्षा राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, उत्तरप्रदेश तथा मध्यप्रदेश सहित 6 राज्यों के 118 जिलों में आयोजित की जा रही है, जिसके लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। चौधरी ने बताया कि यह परीक्षा पूर्णतया निशुल्क है तथा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन व परीक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए www.clctecn.com को विजिट कर सकते हैं या टेक्नो हेल्पलाइन नंबर 9521236555 पर संपर्क कर सकते हैं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## मदरलैण्ड स्कूल में हरियाली तीज पर मेंहन्दी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** मदरलैण्ड पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल निवारू रोड जयपुर ने तीज सिंजारा पर्व पर स्कूल में मेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने अध्यापिकाओं के विभिन्न प्रकार की आकर्षक मनमोहक डिजाईन में मेहन्दी लगाकर अपनी कलाकृति को प्रदर्शित किया। मेंहन्दी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। संस्था के निदेशक सोहन लाल सैनी ने छात्र छात्राओं को भविष्य में भी त्यौहारों व पर्वों पर बढचढकर भाग लेने को प्रेरित किया।

## रामझरोखा कार्यालय का हुआ शुभारम्भ, रविवार से होगा प्रचार-प्रसार शुरू



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** बीकानेर में नवम्बर माह में जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्यजी महाराज का आगमन होने जा रहा है। 19 नवम्बर से 27 नवम्बर तक रामझरोखा कैलाशधाम द्वारा संचालित सियाराम गौशाला में 108 कुंडीय श्रीरामचरित मानस महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का आयोजन होगा। इस वृहद आयोजन हेतु शनिवार को सियाराम बाबा के आशीर्वाद से सुजानदेसर स्थित रामझरोखा कैलाशधाम में पूजनीय गुरु महाराज श्रीरामदासजी महाराज के सान्निध्य में पीठाधीश्वर श्रीसरजूदासजी महाराज द्वारा कार्यालय का शुभारम्भ किया गया। पीठाधीश्वर श्रीसरजूदासजी महाराज ने बताया कि कार्यालय का समय सुबह नौ से शाम 6 बजे तक रहेगा। रविवार से आयोजन हेतु प्रचार-प्रसार शुरू किया जाएगा। इस अवधि में आयोजन से संबंधित कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर विनोद जोशी, किशन व्यास, सत्यदेव शर्मा, विमल दम्मानी, श्रीभगवान अग्रवाल, मन्नू सेवग, नवदीप बीकानेरी, उत्तम भाटी, राजू, पूनम प्रजापत, सुरेंद्र राजपुरोहित एवं दीनदयाल गहलोत आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अब प्रसूताओं को नहीं झेलनी पड़ेगी परेशानी इन्होंने उठाया कॉटेज बनवाने का बीड़ा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** पीबीएम हॉस्पिटल में प्रसूताओं को नहीं झेलनी पड़ेगी परेशानी। इसके लिए सींगी परिवार ने उठाया कॉटेज बनवाने का बीड़ा।पीबीएम अस्पताल का जनाना अस्पताल जहां प्रतिदिन 60 से 70 डिलीवरी होती है और यहाँ अस्पताल निर्माण के समय से ही गंभीर प्रसूताओं एवं उनके नवजात को रखने के लिए कॉटेज का निर्माण करवाया गया था ताकि उनको आवास संबंधी कोई असुविधा ना हो लेकिन लगभग एक दशक पहले इन कॉटेज को हटा दिया गया था` प्रसूताओं की परेशानियों को देखते हुए भामाशाह सींगी परिवार ने लगभग 32 कॉटेज का निर्माण करवाने हेतु सहमति पत्र सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. गुंजन सोनी को सौंपा` बीकानेर जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारकाप्रसाद पचीसिया ने बताया कि प्रिंसिपल डॉ. गुंजन सोनी, जनाना अस्पताल विभागाध्यक्ष स्वेता कोचर एवं डॉ जितेन्द्र आचार्य ने कॉटेज की आवश्यकताओं को देखते हुए सींगी परिवार को कॉटेज निर्माण हेतु प्रेरित किया` वर्तमान में जनाना अस्पताल में कॉटेज निर्माण की आवश्यकता भी महसूस की जा रही थीं` सींगी परिवार द्वारा बीकानेर संभाग एवं अलग अलग राज्यों से आने वाली प्रसूताओं के सुविधार्थ कॉटेज का निर्माण करवाकर राज्य सरकार को सुपुर्द किया जाएगा` इस अवसर पर सरदार पटेल आयुर्विज्ञान महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. गुंजन सोनी, श्रीराम सींगी, किसनलाल सींगी, द्वारकाप्रसाद पचीसिया, डॉ. जितेन्द्र आचार्य, डॉ अजय श्रीवास्तव, श्रीधर बिस्सा आदि उपस्थित हुए`

## एड. संजू वर्मा मूण्डरू को मिलेगा राष्ट्र स्तरीय सद्भावना सम्मान 2023

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जाजोद(अरविन्द कुमार)।** मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस 21 अगस्त के उपलक्ष में जयपुर स्थित कृषि प्रबंध संस्थान ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्त्ता एड. संजू वर्मा मूण्डरू को सद्भावना सम्मान-2023 से नवाजा जायेगा। संवैधानिक विचार मंच के संस्थापक गीगराज जोडली ने बताया कि उनका चयन देश एवं समाज के निर्माण में अतुलनीय योगदान के लिए ट्रस्ट द्वारा किया गया है। मानव सेवा ट्रस्ट राजस्थान द्वारा राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस 21 अगस्त 23 के उपलक्ष में राष्ट्र स्तरीय सद्भावना सम्मान से देश एवं समाज के निर्माण में अतुलनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिको, संस्थाओं एवं सामाजिक कार्यकताओं को नवाजा जाएगा। एड. वर्मा ने अब तक 37 बार रक्तदान, रक्तदान शिविर का आयोजन व देहदान का संकल्प पत्र भर चुके है। स्कूल के बच्चों को जूते जराब, स्वेटर, ड्रेस, ब्लैक बोर्ड, पौधे लगाना, पक्षियों के परिंडे लगाने का कार्य, 5 स्कूलों में संविधान की उद्देशिका कि पट्टिका लगाने के कार्य के साथ विभिन्न कार्य किये है इन कार्यों के लिए 2 बार उपखंड स्तरीय सम्मान, 2 बार जिला स्तरीय, एक बार प्रदेश स्तरीय सम्मान के साथ विभिन्न संस्थाओं के द्वारा सम्मानित हो चुके है ?। राष्ट्र स्तरीय सद्भावना सम्मान 2023 के होने वाले सद्भावना आवार्ड 2023 के सम्मान समारोह में राजस्थान सरकार के जलदाय मंत्री डॉ महेश जोशी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली, महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश, अध्यक्षा समाज कल्याण बोर्ड अर्चना शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि सहित गणमान्यजन मौजूद रहेंगे।

# प्रिंस स्कूल एवं फाउंडेशन गोविंदपुरा ने स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया

**प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को निदेशक दीपाराम जाट द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया**







सितारा न्यूज नेटवर्क

**गोविंदपुरा।** प्रिंस स्कूल एवं फाउंडेशन कालवाड़ रोड गोविंदपुरा,जयपुर में हर्षोल्लास से आजादी का महोत्स मनाया गया। हर वर्ष की भांति स्थानीय विद्यालय में आजादी की 76वी वर्षगांठ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था संरक्षक हीरालाल बिजारनिया ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के प्रबंध निदेशक दीपाराम जाट, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुगनी देवी, इंदिरा देवी संस्था प्रधान श्रीमान झाबर सिंह बिजारणियां, प्रधानाचार्या रजनी मल्होत्रा व उप प्रधानाचार्या अर्पणा सिंह रहे।अतिथियों द्वारा झंडारोहण कर कार्यक्रम का आगाज किया गया व स्काउट के छात्रों द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। संस्था के प्रबंध निदेशक ने स्वतंत्रता दिवस के इस पावन पर्व पर सभी छात्र-छात्राओं, अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित की तथा बताया कि राष्ट्रहित ही सर्वोपरि है व राष्ट्रधर्म ही सबसे बड़ा धर्म है। इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के पूर्व छात्र रामावतार खीचड़ जिसने एसएससी सीजीएल में ऑल इंडिया 265 भी रैंक तथा छात्रा कविता चौधरी जिसने नीट परीक्षा 2023 में परचम लहराया। प्रिंस परिवार की ओर से स्वागत और सम्मान किया गया। संस्था के प्रबंध निदेशक द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया व उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## भीम आर्मी ने जाटव समाज की महापंचायत में अवाना को भारी मतों से जिताने की अपील की





सितारा न्यूज नेटवर्क

**नदबई।** नदबई में डहरा रोड़ स्थित कृषि उपज मण्डी में जाटव समाज द्वारा सामाजिक महापंचायत का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या लोगों ने भाग लिया जिसके सयोजक भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष प्रवीण कवीर रहे महापंचायत में सबसे पहले बाबा साहब के फोटो पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया वही समाज के मौजूद प्रबुद्ध जनों ने समाज में जन्मे महापुरुषों के बारे में अपने अपने विचार रखें प्रवीण कबीर ने महापंचायत को संबोधित करते हुए भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर ने हमें शिक्षा का अधिकार दिलाया है और बाबा साहब द्वारा हर गरीब शोषित मजदूर को उसका हक दिलवाने का काम किया है बाबा साहब ने शिक्षा को बढ़ावा देते हुए कहा है कि शिक्षा वह शेरनी का दूध है जो पिएगा वह धड़ेगा और कहा कि बाबा साहब संविधान रचयिता रहे हैं उनका सभी महापुरुषों में सबसे पहले नाम लिया जाता है हर सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में बाबा साहब की प्रतिमा मौजूद है परंतु हमारे समाज के लिए बड़े दुख की बात है कि पिछले दिनों नदबई में यहां के स्थानीय विधायक जोगेंद्र अवाना द्वारा एक नेक पहल करते हुए नदबई डहरा बाई पास चौराहा पर भारत रत्न बाबा साहब की प्रतिमा को लगाया जा रहा था जिसका कुछ असामाजिक तत्वों ने विरोध कर प्रतिमा लगाने में व्यवधान डाला था और कहा की हमारे समाज को आगामी विधानसभा चुनावो में यह ध्यान रखने की जरूरत है की जिन्होंने बाबा साहब का अपमान किया है उनको हमें सबक सिखाना है और हमारे समाज को उनका बहिस्कार करना है क्योंकि जनप्रतिनिधि किसी एक जाति विशेष द्वारा नही बनाया जाता उसको बनाने में हर जाति की अहम भूमिका रहती है और हमारे जाटव समाज के मत नदबई विधानसभा में दूसरे नंबर पर बड़ी संख्या मे आते है इस लिए हमे जातिवाद और आपसी मत भेद को भुला कर विकास को प्राथमिकता देने वाले जनप्रतिनिधि का साथ देना है नदबई विधानसभा में पहले भी बहुत जनप्रतिनिधि रहे हैं लेकिन जो मान और सम्मान हमारे समाज के लोगों को मौजूदा विधायक अवाना ने दिया है वह किसी ने नहीं दिया इसलिए हमें विधायक अवाना का साथ देते हुए आगामी विधानसभा चुनावों में फिर से विधायक अवाना को भारी बहुमत से विजयी बनाना है और जिन लोगों ने बाबा साहब का अपमान कर बाबा साहब की प्रतिमा को नदबई में लगने से रोका है उनको करारा जवाब देना है वही इस मौके पर भीम आर्मी नदबई विधानसभा अध्यक्ष पवन, बंटी आजादपुरा, भीम आर्मी प्रवक्ता महेश, लोकेश, श्रीचंद सरपंच तलछेरा, चंद्रभान गादौली, मुकेश खर्मपुर, ज्वालादत्त सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## तप अनुमोदन हुआ सुसम्पन्न



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/श्रीडूंगरगढ़ बीकानेर।** स्व. जेठमल पुगलिया के सुपौत्र विमला देवी कान्ति कुमार के बड़े भ्राता के सुपुत्र की नौ दिन तपस्या आज 19 अगस्त को पूरी हूई।। पवन सेठिया मंत्री ने बताया कि आज स्थानीय मालू भवन में स्थानीय सेवा केन्द्र व्यवस्थापिका डॉ. सम्पूर्ण यशा के सानिध्य में तेरापथी सभा



द्वारा अंकित पुगलिया की नौ दिनों की तपस्या के उपलक्ष में कार्यक्रम रखा गया। साध्वी श्री ने तप का महत्व बताया। अंकित के चाचाजी कान्ति कुमार पुगलिया ने बताया कि अंकित इससे पहले भी सात आठ दिनों की तपस्या कर चुका है। इस अवसर पर परिवार जन तथा अनेक संगठनो के पदाधिकारी सदस्य श्रावक आदि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर तेरापथी सभा के उपाध्यक्ष तुलसीराम चोरड़िया प्रमुख उद्योगपति कटक प्रवासी भामाशाह मोहनलाल सिंगी मनीष पटावरी रणवीर सिंह खिची मंजू झाबक ? प्रमोद बोथरा रितिका दिव्या बोथरा सुमन बरडिया ने भी अपने विचार व्यस्त किये।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष व बीसूका उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में प्रदेश बीसूका उपाध्यक्ष डॉ. चंद्रभान का हुआ स्वागत

सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा / अलवर ।** प्रदेश बीसूका उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री) डॉ. चंद्रभान कैबिनेट मंत्री टीकाराम जूली एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने दिग्गज कांग्रेस नेता व पूर्व विधायक महेंद्र शास्त्री के निज निवास जाकर कुशल क्षेम जानी व राजनीति में बिताये पुराने दिनों को याद करते हुए अनेक मुद्दों पर चर्चा की। मौजपुर हाउस पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष व बीसूका उपाध्यक्ष योगेश मिश्रा एवं कांग्रेसजनों ने बीसूका उपाध्यक्ष डॉ. चंद्रभान का साफा एवं सूत की माला पहनाकर स्वागत व सम्मान किया गया। इसके पश्चात राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष सीताराम लाम्बा का सर्किट हाउस पहुंचने पर सूत की माला पहनाकर





अभिनंदन किया गया। इस दौरान कोटकासिम प्रधान डॉ. विनोद कुमारी सांगवान, मनीष शास्त्री, रोहिताश चौधरी, के कौशिक, रिपुदमन गुप्ता, जयदीप आर्यन, राजेश विरमानी, सुन्दर पटेल आदि मौजूद रहे।

## रस्साकशी मैच के दौरान 5 बच्चियां हुई बेहोश:अस्पताल में कराया भर्ती, तेज धूप की वजह से आया चक्कर

सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर।** ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण ओलिंपिक खेल प्रतियोगिता के आयोजन में 5 बच्चियां बेहोश होकर गिर गई। शुक्रवार को सैंपऊ उपखंड मुख्यालय के महात्मा गांधी स्कूल के खेल मैदान में रस्साकशी मैच के दौरान बच्चियों को बेहोश होते देख शिक्षा विभाग के अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए। मौके पर एंबुलेंस बुलाई गई। 3 बच्चियों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 2 बच्चियों का इलाज परिजन निजी अस्पताल में करवा रहे हैं।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामप्रसाद राघव ने बताया कि शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता के दौरान सैंपऊ वर्सेज करीमपुर महिला खिलाड़ियों के बीच रस्साकशी का मैच आयोजित किया जा रहा था। मैच के दौरान दर्शक दोनों पक्ष की हौसला अफजाई और हूटिंग कर रहे थे। एक तरफ स्कूली छात्राएं टीम बनाकर खेल रही तो वहीं दूसरी तरफ मनरेगा श्रमिक महिलाएं आजमाइश कर रही थी। मनरेगा मजदूर महिलाओं की टीम भारी पड़ गई। उनकी ताकत के सामने रस्से से सभी बच्चियां खिंची चली आई। जिनमें से 5 बच्चियां मौके पर बेहोश होकर मैदान पर गिर गई। मैदान पर जब बच्चियों को होश नहीं आया तो शिक्षा विभाग के अधिकारियों के हाथ पैर फूल गए।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामप्रसाद राघव ने बताया मौके पर एंबुलेंस को बुलाया गया।

*नेशनल कराटे चैंपियनशिप में...*

## विद्याग्राम स्कूल की छात्राओं ने मारी बाजी, दो मेडल्स किए अपने नाम

**एक गोल्ड व एक सिल्वर पर साधा निशाना**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर )** । अपने खेल की प्रतिभा का लोहा मनावते हुए शहर स्थित विद्याग्राम इंटरनेशनल स्कूल की छात्राओं ने नेशनल कराटे चैंपियनशिप में जीत दर्ज कर दो मेडल अपने नाम किए। इनमें एक गोल्ड व एक सिल्वर मेडल शामिल है। छात्राओं की इस उपलब्धि पर पूरे स्कूल में हर्ष का माहौल है ।



बता दे कि हाल ही में हैदराबाद स्थित श्री कोटला विजया भास्कर रेड्डी स्टेडियम" में नेशनल कराटे चैंपियनशिप आयोजित हुई थी। जिसमें विद्याग्राम इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 9 की छात्रा अक्षरा कुमावत ने गोल्ड एवं कक्षा 12 की छात्रा अदिति कुमावत ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया। विद्याग्राम स्कूल से तीन छात्राओं ने भाग लिया था । तीसरी छात्रा सिन्हा गुजार ने भी चैंपियनशिप में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन आखरी राउंड में उसे हार का सामना करना पड़ा । लेकिन उसने फिर भी टॉप एट में अपनी जगह बनाई । छात्राओं ने अपनी उपलब्धि का श्रेय कोच राजीव कुमार को दिया। छात्राओं के उपलब्धि हासिल करने पर चौमूं क्षेत्र के लोगों द्वारा बधाई दी गई। इस अवसर पर संस्था चेयरमैन ने कहा कि छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से चौमूं क्षेत्र के साथ-साथ पूरे राजस्थान में भी अपना व विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी छात्र देश विदेश में मेडल जीतकर अपना व विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य डॉ प्रियंका चौधरी ने कहा कि स्कूल के बच्चे पढ़ाई में अव्वल आने के साथ-साथ प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में भी अपना जलवा बिखेर रहे हैं । जो स्कूल के साथ साथ पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। इस मौके पर विद्यालय परिवार की ओर से उप प्राचार्य ताराचंद शर्मा, सुभाष गर्ग, पिंकी जैन, कृष्णा शर्मा एवं समस्त विद्याग्राम परिवार ने छात्राओं को बधाई दी।

*53 रनों के लक्ष्य को प्राप्त जीत हासिल की*

## जोरपुरा-सुन्दरियावास क्रिकेट टीम जोबनेर ब्लॉक स्तर फाइनल में पहुंचीं

सितारा न्यूज नेटवर्क

**हिंगोनियां।** राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों में जोबनेर ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत जोरपुरा सुन्दरियावास ने क्रिकेट पुरुष वर्ग में जीत हासिल की। प्रतिद्वंद्वी टीम लोहरवाड़ा ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का अवसर चुना। लोहरवाड़ा ने 53 रनों का लक्ष्य दिया, बदले में जोरपुरा सुन्दरियावास ने निर्धारित ओवरों से पहले ही लक्ष्य को मात देकर विजय हासिल की। उल्लेखनीय है कि पिछले ओलम्पिक खेलों में भी जोरपुरा सुन्दरियावास क्रिकेट टीम ब्लाक स्तर पर विजेता रह



चुकी है। इस दौरान जोरपुरा सुन्दरियावास सरपंच कजोड़मल सिंघल ने कहा कि सकारात्मक सोच से ही जीत संभव है।साथ ही खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। क्रिकेट टीम को ब्लॉक स्तर पर विजेता रहने पर ग्राम पंचायत जोरपुरा सुन्दरियावास सरपंच कजोड़मल सिंघल,ग्राम विकास अधिकारी रणजीत सिंह भाटी,पंचायत समिति सदस्य रामनिवास शर्मा,उप सरपंच कैलाश मीणा,वार्ड पंच राजू कुमार घासल,बजरंग लाल लौछब,गुल्ला राम शर्मा,प्रेम देवी वर्मा,मुरली राम कुमावत, गुल्ला राम हरिजन,बनारसी देवी मीणा,सन्तोष लीलाधर शर्मा,रामप्यारी देवी लाखराण, प्रेम देवी खटीक,प्रधानाचार्या रजनी शर्मा,शारीरिक शिक्षक सुभाष कुल्हरी,शिक्षाविद जुगल किशोर शर्मा, सुमेर सिंह राव, शेषनारायण जांगिड़, डॉ राजेन्द्र लौछब, कनिष्ठ सहायक मोहन लाल प्रजापत, पूर्व उप सरपंच मदन लाल शर्मा समेत अनेक लोगों ने बधाई दी है।

## राजाखेड़ा में सरपंचों का प्रशिक्षण शिविर

राजाखेड़ा। राजाखेड़ा पंचायत समिति सभागार में आज राष्ट्रीय ग्राम स्वराज के तहत महिला वार्ड पंच, उप प्रधान, पंचायत समिति सदस्य और सरपंचों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को हुआ।

प्रशिक्षण शिविर में सबसे पहले सरपंचों का रजिस्ट्रेशन कर परिचय सत्र हुआ। जिसके बाद विकास अधिकारी राकेश सिंघल ने कहा कि ग्रामीण विकास और पंचायती राज में सरपंचों की महत्वपूर्ण भूमिका है। गांव को आदर्श गांव बनाए।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

**वर्ल्ड कप**

**पुरुष टीम ने अमेरिका को 236-232 से हराया**

# भारत बना वर्ल्ड चैंपियन, कंपाउंड तीरंदाजों ने सोने पर साधा निशाना

ऐजेंसी ▸▸| पेरिस

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व कप के चौथे चरण में शनिवार को यहां पुरुष और महिला टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। अभिषेक वर्मा, ओजस देवतले और प्रथमेश जावकर की चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने क्रिस शेफ़, जेम्स लुत्ज़ और सॉयर सुलिवन की दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिकी टीम को 236-232 से हराया।

इस महीने के शुरू में बर्लिन में विश्व चैंपियन बनने वाली ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की कंपाउंड महिला टीम ने मैक्सिको के खिलाफ कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद एक अंक से जीत दर्ज की। भारत ने इस तरह से सत्र के आखिरी विश्वकप में अभी तक दो स्वर्ण और इतने ही कांस्य पदक जीत लिए हैं। ज्योति व्यक्तिगत वर्ग में भी पदक की दौड़ में शामिल है।



### ज्योति, अदिति और परनीत ने रचा इतिहास

क्वालिफिकेशन में चोटी पर रहने के कारण शीर्ष वरीयता हासिल करने वाली भारतीय महिला टीम दूसरे दौर के बाद 118-117 से आगे चल रही थी। तीसरे दौर में ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत ने तीन अंक गंवाए जबकि मैक्सिको की एंड्रिया बेसेरा, एना हर्नांडिज़ जियोन और डेफने क्विंटरो ने 59 का स्कोर बनाकर 176-175 की बढ़त ले ली। भारतीय टीम ने हालांकि धैर्य बनाए रखा और अंतिम दौर में 59 का स्कोर बनाकर 234-233 से स्वर्ण पदक जीता।



### अभिषेक, ओजस और प्रथमेश का प्रदर्शन

भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम पहले दौर के बाद एक अंक से पीछे चल रही थी क्योंकि अमेरिकी टीम में 60 अंक का परफेक्ट स्कोर बनाया था। भारतीय टीम ने हालांकि निरंतरता बनाए रखी और अगले दौर में भी 59 का स्कोर बनाया। दूसरे दौर में अमेरिकी टीम ने दो अंक गंवाए जिससे स्कोर 118-118 से बराबर हो गया। तीसरे दौर में भी दोनों टीमें बराबरी पर रही लेकिन भारतीय टीम ने चौथे दौर में परफेक्ट 60 का स्कोर बनाया और अपने से अधिक रैंकिंग की अमेरिकी टीम को चार अंकों से हराया।

### दो कांस्य पदक भी जीते

भारत ने इससे पहले रिकर्व टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। धीरज बोम्मदेवरा, अतनु दास और तुषार प्रभाकर शेल्के की रिकर्व पुरुष टीम ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके स्पेन के पाब्लो आचा, युन सांचेज़ और एंड्रेस टेमिनो को हराकर कांसे का तमगा हासिल किया। इसके बाद भजन कौर, अंकिता भकत और सिमरनजीत कौर की रिकर्व महिला टीम ने शूटऑफ में मैक्सिको की एलेजांद्रा वालेंसिया, एंजेला रुइज़ और ऐडा रोमन को हराकर कांस्य पदक जीता।

## आजादी के अमृत महोत्सव के साथ मनाया जायेगा भाजपा नेता सुरेन्द्र सिंह नाथावत का जन्मदिन

**तिरंगा यात्रा कर क्षेत्र में लेंगे जन्मदिवस की शुभकामनाएं**

**आज नाथावत की युवा टीम निकालेगी तिरंगा यात्रा**



**भाजयुमों प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची ने किया पोस्टर का विमोचन**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** विधानसभा झोटवाड़ा के युवा नेता जिला पार्षद प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह नाथावत महेशवास के जन्मदिवस का और तिरंगा यात्रा के पोस्टर का विमोचन भाजपा भाजयुमों प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची द्वारा किया गया। आज भाजपा नेता सुरेन्द्र सिंह नाथावत क्षेत्र में तिरंगा यात्रा कर अपना जन्मदिन मनाएंगे और आजादी के अमृत महोत्सव की मेरी माटी मेरा देश की भावना जन जन तक पहुचाएंगे। भाजपा युवा नेता सुरेन्द्र सिंह नाथावत ने बताया कि युवा टीम ने संपूर्ण तैयारी कर ली है युवा जोश को देखते हुए ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा होगी। यात्रा कालवाड़ रोड मांचवा स्थित रामकुटिया धाम से मांचवा, हाथोज, गोविन्दपुरा, निवारु रोड गणेश नगर करधनी खिरणी फाटक वैशाली नगर सिरसी रोड रतन बाग गार्डन में पहुँचेगी। यात्रा के दौरान क्षेत्र देशभक्ति तरानों के साथ झूम उठेगा नाथावत ने राष्ट्र को प्रथम मानते हुए यात्रा में ज्यादा से ज्यादा शामिल होने का क्षेत्रवासियों से आग्रह किया। अधिक जानकारी में सुरेंद्र सिंह ने बताया कि में दिन की शुरूआत पूजा अर्चना कर गौ सेवा के साथ करूंगा।

## कुख्यात विशनाराम पुलिस गिरफ्त में: पुलिस ने पीछा कर दयाकौर गांव से पकड़ा

जोधपुर। कुख्यात अपराधी और 0029 गैंग का मुखिया विशनाराम जांगू पुलिस गिरफ्त में आ ही गया। जोधपुर ग्रामीण एसपी धर्मेंद्र यादव और फलोदी पुलिस के नेतृत्व में पुलिस ने उसे लोहावट थाना क्षेत्र के दयाकौर गांव से गिरफ्तार किया है। इस धरपकड़ में कुख्यात को पैर में चोट भी आई है जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार विशनाराम जांगू, जिसकी लंबे समय से पुलिस तलाश कर रही थी, उसके देचू के निकटवर्ती पीलवा गांव में होने की सूचना पुलिस को मिली थी।

## भारतीय पैरा कैनो स्प्रिंट टीम जर्मनी रवाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपाल

भोपाल

मे भाग लेने शनिवार को भोपाल से रवाना हो गई है। एक दिन पहले भारतीय पैरा कैनो टीम भी रवाना हो चुकी है। पैरा कैनो वर्ल्ड जर्मनी के ड्युसबर्ग में 23 से 27 अगस्त तक आयोजित हो रहा है। भारतीय टीम के मुख्य कोच पीजूष कांती बरोई ने बताया कि भारतीय टीम में कुल 18 खिलाड़ी शामिल हैं, इसमें सात मप्र से हैं। उन्होंने बताया कि इस चैंपियनशिप के आधार पर पेरिस ओलिंपिक टिकट पक्का कर सकते हैं। टीम में विष्णु रेगुनाथन, वरिंदर सिंह, एल नाओचा सिंह, नितिन वर्मा, प्रभात कुमार, अर्जुन सिंह, एन रिबासन सिंह, सलाम सुशील सिंह, नीरज वर्मा, मनास्वानी स्वैन, टी दिमिति देवी, पार्वती गीताख ओइनाम बिनिता चानू, मेघा प्रदीप, मीरा दास, शिवानी वर्मा, कवेरी व एल नेहा देवी शामिल हैं। टीम के मुख्य कोच कैप्टन पीजूष कांती बरोई, कोच चिंग चिंग सिंह व महिला कोच विश्वेश्वरी देवी हैं।



## प्रथमेश व पहल को मप्र रोलबॉल की कमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोपाल

स्पोर्ट्स तमिल नाडु रोलबॉल संघ व रोलबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा 11वी मिनी नेशनल रोल बॉल प्रतियोगिता जो 28 से 30 सितंबर तक टीएनपीईएसयू इंडोर स्टेडियम चेंगलपट्टू तमिलनाडु में आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में मप्र रोलबॉल संघ की बालक व बालिका दोनों वर्गों की टीमें हिस्सा ले रही हैं। टीम की घोषणा संघ के अध्यक्ष महेश जोशी ने की।





### टीम इस प्रकार है

(बालक वर्ग) प्रथमेश विश्वकर्मा (कप्तान), ईशान चौधरी, रियांश गुप्ता, क्षितिज सप्रे, रुद्र सिंह, जयनशाह प्रवीण, मयंक कुमार, ध्रुव झा, सत्यम छिजवानी, रिग निगम, अमेय गर्नोरकर, रक्षित तवानी, कोच मयंक कापसे व मैनेजर प्रशांत पॉल रहेंगे। (बालिका वर्ग) पहल मोंगिया (कप्तान), हृषिता मीना, नम्माई ठाकुर, सिमर कौर, अंशिता मिश्रा, अदिति राजदूत, शिव्या कायला, ईशानी राजन, आन्या मिश्रा, कनिष्का जैमिनि, दित्या मधुराज, तानिया मधुराज कोच योगेश शर्मा व मैनेजर आशिक़ रसूल रहेंगे। नेशनल कैम्प के लिए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी धीरेंद्र प्रताप सिंह को नियुक्त किया गया है जो 22 सितंबर से 26 सितंबर 2023 तक अकैडमिक हाईट्स पब्लिक स्कूल, सतना में आयोजिय किया जाएगा। मध्य प्रदेश रोलबॉल संघ के सचिव सूर्यदत्त जोशी ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी व अच्छे खेल कि कामना की।

# बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के संबद्ध इंजिनियरिंग कॉलेज सोभासरिया में प्रो. एस. एन. बोस के योगदान पर कार्यक्रम का आयोजन

**बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अंबरीश विद्यार्थी भी रहे उपस्थित**







## भारत विज्ञान के बल पर विश्वगुरू : कलराज मिश्र, राज्यपाल

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बीकानेर।** सोभासरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वैज्ञानिकों और वैज्ञानिक संस्थानों के योगदान : प्रो. एस.एन. बोस विषय पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय तथा विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वाधान में आजादी का अमृत महोत्सव श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के माननीय राज्यपाल कलराज मिश्र, सीकर सांसद सुमेधानन्द सरस्वती, सत्येन्द्र नाथ बोस नेशनल सेंटर फॉर बोसिक साइंसेज, कोलकाता के सीनियर प्रोफेसर रणजीत बिस्वास, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, अजमेर के कुलपति प्रो. आनंद भालेराव बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अम्बरीश एस. विधार्थी, सोभासरिया प्राचार्य डॉ एल सोलंकी, विज्ञान भारती के वाईस प्रेजिडेंट तथा इंडियन मेट्रोलॉजिकल विभाग के पूर्व निदेशक डॉ एल.एस राठौड़ नेशनल इनोवेशन के निदेशक तथा विज्ञान भारती के राष्ट्रीय सचिव डॉ अरविन्द एस रानाडे विज्ञान भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ लक्ष्मण सिंह राठौड़, विज्ञान भारती राजस्थान के सचिव डॉ मेघेन्द्र शर्मा तथा अरावली वेटनरी कॉलेज. सीकर के निदेशक पवन जोशी एवं अन्य सभी वक्ताओं ने प्रो. एस. एन बोस की जीवन यात्रा तथा स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान से जुड़ी विभिन्न घटनाओं द्वारा उनके देश प्रेम से उपस्थित विद्यार्थियों एवं व्याख्याताओं को अवगत कराया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उपेक्षित वैज्ञानिकों को प्रकाश में लाना रहा। सरस्वती वंदना से आरम्भ हुए इस कार्यक्रम में ग्रुप प्राचार्य डॉ. एल सोलंकी के स्वागत भाषण के पश्चात प्रोफेसर एसएन बोस के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया डॉक्यूमेंट्री में उनके विज्ञान में योगदान के अलावा राष्ट्रीय संघर्ष में योगदान को भी दिखाया गया।



स्पीकर डॉ रणजीत बिस्वास ने अपने प्रेजेटेशन में प्रोफेसर एस एन बोस का जीवन परिचय दिया उन्हें महान वैज्ञानिक के साथ-साथ समाज सुधारक तथा देशभक्त भी बताया। उन्होंने बताया कि वह रिसर्च पेपर की अपेक्षा इनोवेशन को अधिक महत्व देते थे वह संगीत सुनते नहीं देखते थे और उन्होंने स्वदेशी आदोलन में भी भाग लिया वह मातृभाषा के प्रबल समर्थक थे। कर्तव्य से अवगत करवाया। महामहिम राज्यपाल कलराज मिश्र ने संविधान की उद्देशिका का वाचन किया एवं एवं नागरिकों को उनके मूल कर्तव्य से अवगत कराया ।

### सीकर सांसद द्वारा प्रदर्शनी का उद्घाटन

सीकर सांसद सुमेधानंद द्वारा विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान पर तैयार किए गए विभिन्न प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया गया। सीकर सांसद, बीटीयू वाइस चान्सलर ए एस विद्यार्थी एवं सोभासरिया ग्रुप प्रतिनिधि सीए सुनील मोर द्वारा अतिथियों के स्वागत के पश्चात विज्ञान भारती सचिव डॉ मेघेंद्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में उपेक्षित 22 वैज्ञानिकों का जिक करते हुए बताया कि यह अभियान उपेक्षित वैज्ञानिकों को प्रकाश में लाने के लिए चलाया जा रहा है। सीकर सांसद ने प्राचीन ग्रंथो वेद, वेदांग तथा उपनिषद का वर्णन करते हुऐ प्राचीन ज्ञान को नवीन विज्ञान से जोड़ा। उन्होंने अपने उद्बोधन में वृहद विमान शास्त्र ग्रंथ का उल्लेख किया जिसमें ध्वनि रहित विमान का वर्णन किया गया है। साथ ही उन्होंने विज्ञान भारती के इस अभियान की प्रशंसा की। महामहिम राज्यपाल कलराज मिश्र का उदबोधन में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में वैज्ञानिकों और वैज्ञानिक संस्थानों के योगदान एवं अन्य संबधित विषयों पर विमर्श को आज के समय की आश्यकता बताते हुए भारतीय संस्कृति ओ वैज्ञानिक सरोकारों से नई पिढ़ी से जोड़ने के महत्व पर प्रकाश डाला। ब्रिटिश राज द्वारा भारतीय विज्ञान के विकास तथा भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान को सही पहचान न देने के बावजुद भारतीय वैज्ञानिको ने न केवल अपना कार्य जारी रखा बल्कि भारत को नई उपलब्धिया हासिल करने में सहायता की। जगदीश चन्द्र बसु महेन्द्र लाल सरकार तथा प्रफुल्ल चन्द रे जैसे अनेक महान वैज्ञानिकों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया की सत्येन्द्र नाथ बोस एवं अन्य वैज्ञानिको ने भारतीय गौरव को विश्व भर में स्थापित किया तथा हमारी प्राचीन विज्ञान परम्परा को फिर से जीवत किया। कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियों के लिए विज्ञान प्रदर्शनी, पोस्टर प्रतियोगिता, मॉडल कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।


# रेलवे स्टेशन स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक रेलवे स्टेशन स्कूल में प्राथमिक बच्चों के लिए कंप्यूटर शिक्षा हुई प्रारंभ



## अश्वत्था लर्निंग कम्युनिटीज द्वारा प्राइमरी स्तर के बच्चो को कंप्यूटर शिक्षा करवा रहा उपलब्ध

सितारा न्यूज नेटवर्क

**युवराज शर्मा / अलवर ।** अश्वत्था लर्निंग कम्युनिटीज (आर.डी.एन.सी. मित्तल फाउंडेशन) द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक रेलवे स्टेशन स्कूल में 1 से 5 कक्षा तक के प्राइमरी स्तर के बच्चो हेतु कंप्यूटर शिक्षा प्रारंभ करवाई गयी है जिसमे स्कूल में पुराने कंप्यूटर सिस्टम्स को ठीक करवाकर एवं कुछ नए सीपीयू ,नए की बोर्ड, नए माउस व माउस पैड लगवाये गए साथ ही मित्तल फाउंडेशन द्वारा 2 नयी कंप्यूटर शिक्षिका भी उपलब्ध करवाई गयी। कु. आरुषी मित्तल ने बताया कि अश्वत्था लर्निंग कम्युनिटीज 21 वीं सदी के अनुसार अध्यापक एवं बच्चो को शिक्षा देकर तैयार करने का कार्य कर रही है आज राजकीय उच्च माध्यमिक रेलवे स्टेशन स्कूल में कंप्यूटर लैब शुरू करने के पीछे भी हमारा यह उद्देश्य है कि प्रारंभिक स्तर से ही बच्चो को डिजिटल साक्षरता एवं कोडिंग कौशल का ज्ञान होना चाहिए ताकि बच्चो को समाज में हो रहे तकनिकी विकास और कौशल के बारे में जानकारी होना,जिससे वह इन्टरनेट प्लेटफॉर्म्स,सोशल मीडिया, मोबाइल फोन का उपयोग अच्छे प्रकार से करने में सक्षम हो जिससे वह समाज के साथ अपने आवयश्कता को भी डिजिटल उपकरणों के माध्यम से करने में सामर्थ्यवान हो सके। अश्वत्था लर्निंग कम्युनिटीज झ एम.आई.टी. बोस्टन आधारित स्क्रेच एजुकेटर लेबोरेटरी एंड यूजेस द प्लेटफॉर्म स्क्रैच टू टीचिंग यंग चिल्ड्रन कोडिंग स्किल्स पर कार्य कर रहा है ।इसके अतिरिक्त कंप्यूटर आधारित गेम्स से नयी शिक्षा नीति के तहत निपुण भारत मिशन के अनुसार मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता का ज्ञान हो पायेगा। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती जी की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गयी ।स्वागत उद्बोधन प्रिंसिपल श्री मनीराम द्वारा दिया गया उन्होंने डॉ. एस. सी. मित्तल का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया और कहा कि डॉ मित्तल साहब जैसे भामाशाहो से ही सरकारी स्कूलों में बेहतरीन बदलाव आया है और अब आपके द्वारा प्राइमरी स्तर पर ही कंप्यूटर शिक्षा से बच्चो में बेहतरीन डिजिटल साक्षरता एवं कोडिंग कौशल का ज्ञान हो पायेगा !



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मित्तल फाउंडेशन के डॉ.एस.सी.मित्तल , स्पेशल गेस्ट के रूप में मित्तल फाउंडेशन की आजीवन ट्रस्टी अल्का मित्तल , स्कूल प्रिसिपल मनीराम जी, कंप्यूटर शिक्षक अंजू जैन , फाउंडेशन द्वारा 2 कंप्यूटर शिक्षिका अमृता, पूजा सहित स्कूल के बच्चे एवं अध्यापक उपस्थित थे । मित्तल फाउंडेशन की आजीवन ट्रस्टी अल्का मित्तल ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कार्यक्रम आयोजित करवाने हेतु स्कूल प्रिंसिपल एवं समस्त स्टाफ को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस स्कूल में हर संभव कार्य आगे भी हम करते रहेगे ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

महाराष्ट्र एनआईए का खुलासा

# आईएसआईएस मॉड्यूल तैयार कर रहा आतंकी संगठन का 'स्लीपर सेल'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के पुणे और मुंबई में आईएसआईएस के इशारे पर एक बड़ी आतंकी साजिश को अंजाम देने की तैयारी चल रही थी। इसमें आईएसआईएस से जुड़े लोग बतौर स्लीपर सेल देशविरोधी साजिशों में जुटे हुए हैं। लोगों को विस्फोटक केमिकल के जरिए बम बनाने की ट्रेनिंग दी गई है। महाराष्ट्र एनआई ने साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

महाराष्ट्र एनआईए ने कोर्ट में बताया कि पुणे और मुंबई में आतंकी साजिश को अंजाम देने की तैयारी चल रही थी। मामले में पुणे, मुंबई, ठाणे, रत्नागिरी और गोंदिया से 10 के करीब संदिग्ध गिरफ्तार हो चुके हैं। शुक्रवार को एनआईए ने मामले में पडघा से गिरफ्तार शमिल नाचन को एनआईए कोर्ट में फिर से पेश किया।

### ट्रेनिंग लेने गए थे आरोपी

एनआईए ने कोर्ट को बताया कि मामले में गिरफ्तार एक और आरोपी शमील नाचन के साथ दोनों पुणे में विस्फोटक केमिकल के जरिए बम बनाने की ट्रेनिंग लेने गए थे। वहां से दोनों विस्फोटक केमिकल के साथ वापस लौटे। इसलिए उस विस्फोटक की तलाश करनी है जबकि आरोपी उसके बारे में कुछ भी बता नहीं रहा है।

### आरोपी के घर से संदिग्ध सामान मिला

एनआईए ने बताया कि नाचन दो सिम कार्ड इस्तेमाल कर रहा था, लेकिन दोनों सिम कार्ड उसके नहीं उसके के दोस्त के नाम पर है। नाचन 7 से 8 मेल आईडी का इस्तेमाल भी कर रहा था और वह किसी और के नाम से थी। आरोपी के घर पर छापेमारी की गई, जहां से संदिग्ध सामान मिला है।



### एनआईए ने की रिमांड बढ़ाने की मांग

एनआईए ने अदालत से कहा कि शमील नाचन और अन्य आरोपी आकिब दोनों को एक दूसरे के सामने बिठाकर पूछताछ करने की जरूरत है। क्योंकि दोनों एक साथ बम बनाने की ट्रेनिंग लेने के लिए पुणे गए थे। पुणे की उस ट्रेनिंग में और कौन-कौन था? ट्रेनिंग किसने दी? जो विस्फोटक दोनों वापस लेकर आए इसका इस्तेमाल कब और कहां करना था ? ये सब जानकारी निकालने के लिए और रिमांड बढ़ाई जाए।

### शमील नाचन मुंबई बम धमाकों में आरोपी रहे साकिब नाचन का बेटा

हालांकि, बचाव पक्ष ने अदालत में तर्क दिया कि इसके पहले 6 दिन की हिरासत में एनआईए कुछ भी ठोस सबूत या नई जानकारी हासिल नहीं कर पाई बस वो कहानी बना रही है। इसलिए आगे अब हिरासत न दी जाए। अदालत भी एजेंसी की जांच से संतुष्ट नहीं दिखी लेकिन मामला आतंक से जुड़ा होने और उसकी संवदेनशीलता देखते हुए 23 अगस्त तक हिरासत बढ़ा दी। शमील नाचन 2002-2003 के मुंबई बम धमाकों में आरोपी रहे साकिब नाचन का बेटा है।

### हिंसा भड़काने की थी साजिश

महाराष्ट्र आईएसआईएस के इस स्लीपर मॉड्यूल में पुणे से पकड़े गए मोहमद यूनुस साकी और इमरान खान पहले से इनामी आतंकी हैं। पुणे पुलिस और फिर पुणे एटीएस ने मामले में दोनों को छिपने के लिए घर दिलाने और फंडिंग के लिए रत्नागिरी और गोंदिया से गिरफ्तार किया था। बाद में ये केस एनआईए ने ले लिया। एनआईए के मुताबिक महाराष्ट्र आईएसआईएस स्लीपर सेल मामले में पकड़े गए पांच अन्य आरोपी जुल्फिकार अली बड़ौदावाला, मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी, सिमाब नसीरुद्दीन काजी और अब्दुल कादिर पठान कुछ अन्य संदिग्धों के साथ काम कर रहे हैं।

---

## खबर संक्षेप

### रूसी मिसाइल अटैक में 5 लोगों की मौत

**कीव।** उत्तरी यूक्रेन के शहर चेर्निहाइव में एक केंद्रीय चौराहे पर रूसी मिसाइल के हमले में 5 लोग मारे गए और 37 घायल हो गए। घायलों में 11 बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेन के आंतरिक मंत्रालय ने कहा कि जब हमला हुआ, तब लोग धार्मिक अवकाश मनाने के लिए चर्च जा रहे थे। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सोशल मीडिया टेलीग्राम पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा, 'एक रूसी मिसाइल शहर के ठीक मध्य में, हमारे चेर्निहाइव में गिरी। यहां एक चौराहा, पॉलिटेक्निक विश्वविद्यालय और एक थिएटर है।' जेलेंस्की ने वीडियो भी शेयर किया।



### सतलुज की बाढ़ से चपेट में आए पाक के गांव

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में आई बाढ़ की चपेट में पाकिस्तान के दर्जनों गांव भी आ गए हैं। वहां के लोगों द्वारा भी अपनी फसलों को बचाने का कार्य शुरू किया गया है। कसूर के गांव गंडा सिंह वाला में चमड़ा फैक्ट्रियों का दूषित गंदा पानी तेज गति के साथ सतलुज में मिल रहा है। सीमा सुरक्षा बल की विभिन्न चौकियां बाढ़ के पानी में डूब गई हैं। जवानों द्वारा अपना सामान छतों पर रखकर पूरी चौकसी के साथ निगरानी की जा रही है ताकि दुश्मन किसी नापाक हरकत को अंजाम ना दे सके।



### भारत और रूस के बीच दोस्ती ऐतिहासिक

**नई दिल्ली।** भारत में रूस के उप राजदूत रोमन बाबुश्किन ने कहा कि रूस कभी भी भारत-चीन सीमा तनाव से फायदा नहीं उठाना चाहता। भारत और रूस के बीच दोस्ती ऐतिहासिक है और यह बनी रहेगी। रूस चाहता है कि भारत ऐसे ही तरक्की की राह पर अग्रसर रहे। दोनों देशों के बीच सहयोग हमेशा बराबर का रहा है। उन्होंने आगे कहा कि भारत और रूस दोनों ही देश आज एक बहुध्रुवीय विश्व प्रणाली बनाना चाहते हैं, जहां सभी के साथ बराबरी का और न्यायपूर्ण व्यवहार हो।



---

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे पीएम नरेंद्र मोदी

# डॉलर के प्रभुत्व को कम करने के लिए ब्रिक्स सदस्यों में बनी सहमति

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए 22 से 24 अगस्त तक दक्षिण अफ्रीका की राजधानी जोहान्सबर्ग में रहेंगे। 2019 के बाद पहली बार सभी नेता एक मंच पर बैठेंगे। भारत ब्रिक्स को वैश्विक संतुलन, विविधता और बहुलता का एक अहम मंच मानता है।

दक्षिण अफ्रीका अगले सप्ताह 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए तैयार है। पीएम नरेंद्र मोदी इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए 22 से 24 अगस्त तक दक्षिण अफ्रीका की राजधानी जोहान्सबर्ग में रहेंगे। दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने ब्रिक्स देशों ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के शामिल होने की पुष्टि की है। ब्रिक्स के ये 5 सदस्य देश वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक चौथाई हिस्सेदारी रखते हैं। 2019 के बाद पहली बार सभी नेता एक मंच पर बैठेंगे। 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का विषय 'ब्रिक्स और अफ्रीका' रखा गया है। यह कोरोना महामारी और उसके बाद के वैश्विक प्रतिबंधों के उभरने के बाद व्यक्तिगत रूप से आयोजित होने वाला पहला ब्रिक्स शिखर सम्मेलन होगा।

### खास बातें

- भारत बीते वर्षों में हुई उपलब्धियों का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करेगा बखान
- अंतरराष्ट्रीय नेताओं से करेंगे मुलाकात
- स्थानीय मुद्रा के उपयोग को देने पर बढ़ावा



### पीएम मोदी की चीनी राष्ट्रपति से होगी मुलाकात

*प्रधानमंत्री मोदी सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करेंगे। मोदी और जिनपिंग के बीच बैठक से पहले भारत और चीन में सैन्य कोर कमांडर स्तर की बैठक हुई है। बैठक का मकसद पूर्वी लद्दाख में दौलत बेग ओल्डी और चुशुल समेत दो स्थानों पर जारी गतिरोध को सुलझाना था। पीएम मोदी जोहान्सबर्ग में मौजूद कुछ नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।*

### सम्मेलन में ये होंगे शामिल

शिखर सम्मेलन में ब्राजील, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के नेता भाग लेंगे। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, भारत से पीएम नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा के अगले सप्ताह जोहान्सबर्ग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। वहीं रूस का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करेंगे।

### भारत के लिए इसलिए अहम है यह बैठक

भारत ब्रिक्स को वैश्विक संतुलन, विविधता और बहुलता का एक अहम मंच मानता है। इससे पहले 2021 में पीएम मोदी ने कहा था कि समूह ने पहले डेढ़ दशक में बहुत सफलता हासिल की है। अब हमें सुनिश्चित करना चाहिए कि आगामी 15 वर्षों में ब्रिक्स और उपयोगी बने। ब्रिक्स समूह भुगतान में डॉलर के प्रभुत्व को कम करने पर भी बातचीत फिर से शुरू कर सकता है। वित्त मंत्री एनोच गोडोंगवाना ने कहा कि स्थानीय मुद्रा के उपयोग से विदेशी मुद्रा में उतार-चढ़ाव के प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी।

### बैठक का एजेंडा

ब्रिक्स समेलन की चर्चाएं राजनीतिक और सामाजिक-आर्थिक समन्वय के क्षेत्रों पर केंद्रित होंगी। इसमें सदस्य देश व्यापार के अवसर, आर्थिक आपूर्ति और सहयोग के क्षेत्रों की पहचान करेंगे। ब्रिक्स के अध्यक्ष के रूप में दक्षिण अफ्रीका पारस्परिक रूप से त्वरित विकास, सतत विकास और समावेशी बहुपक्षवाद पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। इसमें वैश्विक संस्थानों में सुधार और शांति प्रक्रियाओं में महिलाओं की सार्थक भागीदारी को मजबूत करना भी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात, अर्जेंटीना, इंडोनेशिया, अल्जीरिया, मिस्र और इथियोपिया सहित 40 से अधिक देशों ने ब्रिक्स समूह में शामिल होने में रुचि दिखाई है।

### पुतिन नहीं होंगे शामिल

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे। वे वर्चुअली हिस्सा लेंगे। दक्षिण अफ्रीका ने कहा है कि आपसी समझौते से रूसी संघ के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे, बैठक में रूसी संघ का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव करेंगे। दरअसल, मार्च में अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने यूक्रेन में युद्ध अपराधों का आरोप लगाते हुए पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। दक्षिण अफ्रीका आईसीसी का एक हस्ताक्षरकर्ता है। अगर पुतिन देश में आते हैं तो आईसीसी के सदस्य होने के नाते दक्षिण अफ्रीका को पुतिन को गिरफ्तार करना पड़ेगा।

### अफ्रीका आउटरीच में शामिल होंगे 69 देश

सम्मेलन के बाद अफ्रीका आउटरीच और ब्रिक्स प्लस डायलॉग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका की ओर से सभी अफ्रीकी देशों सहित कुल 69 देशों को आमंत्रित किया गया है। दक्षिण अफ्रीकी विदेश मंत्री नलेदी पंडोर ने बताया है कि लैटिन अमेरिका, एशिया और कैरेबियाई देशों के नेताओं को भी निमंत्रण भेजा गया है।

---

भारत-चीन सैन्य अधिकारियों की बैठक

# दोनों पक्ष मुद्दों को जल्द हल करने करते रहेंगे बातचीत



एजेंसी ▶▶ चीन

भारत चीन के बीच गतिरोध जारी है। दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने के लिए सैन्य स्तर पर वार्ता भी हो रही है। इसी क्रम में भारत और चीन की सेनाओं ने पूर्वी लद्दाख में जारी गतिरोध को हल करने के लिए दौलत बेग और चुशूल में मेजर जनरल स्तर की वार्ता की। रक्षा सूत्र ने बताया कि दो स्थानों पर चीनी सैन्य अधिकारियों के साथ हुई वार्ता का प्रतिनिधित्व त्रिशूल डिवीजन कमांडर मेजर जनरल पीके मिश्रा और यूनिफॉर्म फोर्स कमांडर मेजर जनरल हरिहरन ने किया। रक्षा सूत्रों के अनुसार, डेपसांग मैदानों और सीएनएन जंक्शन पर मुद्दों को हल करने के लिए बातचीत हुई।

चीन-भारत कोर कमांडर स्तर की बैठक का 19वां दौर 13 से 14 अगस्त तक भारतीय सीमा की तरफ चुशुल-मोल्डो सीमा पर आयोजित किया गया। जिसमें दोनों पक्ष एलएसी पर कई मुद्दों को हल करने पर सहमति हुई थी। दोनों पक्ष मुद्दों को शीघ्रता से हल करने और सैन्य व राजनयिक माध्यम से बातचीत करते रहेंगे।

### एलएसी विवाद को हल करने पर सहमत

विदेश मंत्रालय ने चीन के साथ सैन्य बातचीत पर कहा था कि दोनों पक्षों के बीच पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी पर बाकी मुद्दों के समाधान पर गहन चर्चा हुई। दोनों पक्ष इन मुद्दों को हल करने पर सहमत हुए। भारतीय और चीनी सेना पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के कुछ बिंदुओं पर तीन साल से ज्यादा समय से आमने-सामने की स्थिति में हैं।

### अजीत डोभाल और वांग यी हुए सहमत

गौरतलब है कि सीमाओं पर तनाव के कारण सभी स्तरों पर संबंध खराब हो गए हैं। भारत-चीन ने वास्तविक नियंत्रण रेखा के पार पूर्वी लद्दाख सेक्टर में 50000 से अधिक सैनिकों को तैनात किया हुआ है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने भी चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ वार्ता की थी, जिसके चार महीने बाद 19वें दौर की कोर कमांडर स्तर की बैठक हुई थी।

### गलवान घाटी झड़प के बाद बिगड़ी थी बात

दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है। इससे पहले 23 अप्रैल को हुई सैन्य वार्ता के 18वें दौर में भारतीय पक्ष ने देपसांग और डेमचोक में लंबित मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने की पैरवी की थी। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में काफी गिरावट आई, जो पिछले दशकों में दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर सैन्य संघर्ष था।

---

पाक से घुसपैठ और तस्करी रोकने के मद्देनजर लिया फैसला

# जैसलमेर सीमा से सटे 52 गांवों में रात में घूमने पर लगी पाबंदी

एजेंसी ▶▶ जैसलमेर

भारत-पाकिस्तान की जैसलमेर से लगी सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। सीमा से लगे 52 गांवों में रात में घूमने पर पाबंदी लगा दी गई है। अब शाम 6 बजे के बाद इन क्षेत्रों में नहीं जा सकते हैं। सुबह 7 बजे के बाद ही घर से बाहर निकल सकते हैं। विशेष और आपात परिस्थिति में अनुमति लेकर जाना होगा। पाक से घुसपैठ और तस्करी रोकने के मद्देनजर यह फैसला लिया गया। राजस्थान के जैसलमेर जिले में सीमा से लगे गांवों में अब रात में सैर-सपाटा करने पर पाबंदी लगा दी गई है। यह प्रतिबंध सीमा के 5 किमी क्षेत्र के अंदर रात में घूमने पर लगाया गया है।



### लेनी होगी विशेष अनुमति

जिला कलेक्टर की ओर से जारी यह आदेश 12 दिसंबर 2023 तक लागू रहेगा। इसके तहत सीमा से लगे 52 गांवों अब रात में घर से निकलने पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। सिर्फ आपातकालीन और विशेष परिस्थितियों में ही कोई रात में घर से बाहर निकल सकेगा। इसके लिए भी अनुमति लेनी होगी।

---

सरकार की टेलीमेडिसन सुविधा अच्छी

## डब्ल्यूएचओ चीफ ने की केंद्र सरकार की तारीफ

**गांधीनगर।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के चीफ डॉ. टेड्रोस अदनोम घेब्रेयसस ने भारत में दी जाने वाली हेल्थ कवरेज और बाकी योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि मैंने गांधीनगर में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का दौरा किया था। मैं यहां 1000 घरों को दी जा रही प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से बड़ा प्रभावित हुआ। इसके अलावा उन्होंने केंद्र सरकार की टेलीमेडिसन प्रक्रिया को लेकर धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मनसुख मंडाविया ने बताया, हम अलग-अलग देशों से आए लोगों को भारत का स्वास्थ्य मॉडल दिखा रहे हैं। लोग इसकी प्रशंसा कर रहे हैं। मोदी सरकार ने हैल्थ सेक्टर को हर तरह से बढ़ाने की कोशिश की है। इस समय भारत जी-20 ट्रोइका का हिस्सा है।



---

नेपाल व भारत के बीच संबंधों में सुधार

# नेपाल ने भारत को अगले 10 वर्षों तक बिजली देने का किया ऐलान

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के पीएम पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' की भारत यात्रा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी से हुई मुलाकात के बाद से ही दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार आता जा रहा है। नेपाल के पीएम प्रचंड ने कहा कि उनकी सरकार अगले 10 वर्षों में पड़ोसी देश भारत को निर्यात की जाने वाली बिजली को 450 मेगावाट से बढ़ाकर 10,000 मेगावाट करना चाहती है। प्रचंड ने यहां नेपाल बिजली प्राधिकरण के 38वें वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए बताया कि इस दिशा में समझौते पर हस्ताक्षर भी किए जा चुके हैं।

### प्रचंड ने किया भारत से वादा



प्रचंड ने कहा कि भारत यात्रा में उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा के बारे में पीएम मोदी के साथ चर्चा की थी। इस दौरान अधिशेष बिजली के कारोबार के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच की चर्चा हुई थी।

### चीन को लगा झटका

पीएम प्रचंड के इस ऐलान से चीन को जरूर करंट लगा होगा। चीन कभी नहीं चाहता कि भारत और नेपाल के रिश्ते अच्छे हों। तभी वह नेपाल में सरकार बनवाने और बिगड़वाने में भी अहम भूमिका निभाने का प्रयास करता है। चीन माओवादियों का समर्थक है। पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली चीन के कट्टर समर्थक थे।

---

ताइवान के उपराष्ट्रपति लाई के अमेरिका दौरे से बौखलाया चीन

# ताइवान तट के पास चीन ने शुरू किया सैन्य अभ्यास, दी चेतावनी

एजेंसी ▶▶ ताइपे

चीन ताइवान को लेकर एक बार फिर बौखला गया है। इस बौखलाहट में उसने ताइवान के आसपास हवाई और समुद्री गश्त के साथ ही सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। बीजिंग ने इस सैन्य अभ्यास को उन लोगों के लिए कड़ी चेतावनी दी जो ताइवान की स्वतंत्रता के लिए विदेशी तत्वों के साथ मिलीभगत कर रहे है। दरअसल, चीन की यह बौखलाहट ताइवान के राष्ट्रपति का अमेरिका दौरा है। ताइवान के उपराष्ट्रपति विलियम लाई 18 अगस्त को अमेरिका के दौरे से लौटे हैं। चीन ने शनिवार तड़के ताइवान के आसपास सैन्य अभ्यास शुरू किया और कहा कि यह एक 'कड़ी चेतावनी' है।



### वेन और मैक्कार्थी की बैठक को नकारता रहा चीन

चीन ताइवान के राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन की यूएस हाउस के स्पीकर केविन मैक्कार्थी के साथ बैठक को पूरी तरह से अस्वीकार करता रहा है और इसे एक राजनीतिक शो बताया है। यह बैठक तब हुई जब त्साई मध्य अमेरिका की यात्रा पूरी करने के बाद घर जाते समय कैलिफ़ोर्निया में रुकीं थीं। 2016 में ताइवान राष्ट्रपति का पदभार ग्रहण करने के बाद से उन्होंने 7 बार संयुक्त राज्य अमेरिका से होकर यात्रा की है, और अक्सर कांग्रेस के सदस्यों सहित अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात की है। हालाँकि, अमेरिकी धरती पर किसी हाउस स्पीकर और ताइवानी राष्ट्रपति के बीच यह पहली बैठक थी।

### पीएलए ने सैन्य अभ्यास को बताया कड़ी चेतावनी

*चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पूर्वी थिएटर कमांड ने कहा कि यह सैन्य अभ्यास ताइवान के समुद्री क्षेत्रों और हवाई क्षेत्र के आसपास, द्वीप के उत्तरी और दक्षिणी तटों और द्वीप के पूर्व में होगा। पीएलए के प्रवक्ता शी यिन ने कहा कि ये ऑपरेशन 'ताइवान की आजादी' चाहने वाले अलगाववादी ताकतों और बाहरी ताकतों के बीच मिलीभगत और उनकी उत्तेजक गतिविधियों के खिलाफ एक कड़ी चेतावनी है।*

### चीनी युद्धपोत ने ताइवान में किया प्रवेश

एक चीनी युद्धपोत ने 'यूनाइटेड शार्प स्वोर्ड' नाम के तीन दिवसीय सैन्य अभ्यास के हिस्से के रूप में लाइव-फायर का अभ्यास किया और लुओयान खाड़ी में तोपों से कई राउंड फायर किए। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि जलीय क्षेत्र के आसपास कम से कम 71 चीनी विमानों और 9 जहाजों का पता चला है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इन विमानों में से 45 ने ताइवान जलडमरूमध्य के उत्तरी, मध्य और दक्षिणी मध्य रेखा को पार किया था और हमारे दक्षिण-पश्चिम वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया था।' रक्षा मंत्री ने इन कार्रवाइयों की निंदा की।

---

25 वर्षों तक बिजली आपूर्ति

# राजस्थान को 300 मेगावाट की बिजली देगी एनएलसी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने सीपीएसयू योजना के तहत 300 मेगावाट सौर ऊर्जा की आपूर्ति के लिए राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के साथ जयपुर में बिजली उपयोग का समझौता किया है। समझौते के तहत एनएलसी राजस्थान सरकार को अगले 25 वर्षों तक बिजली आपूर्ति करेगी। इस परियोजना से प्रतिवर्ष 750 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन किया जाएगा और उत्पादित कुल हरित विद्युत राजस्थान को आपूर्ति की जाएगी।



### 1421 मेगावाट ऊर्जा क्षमता

एनएलसी नवरत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम हैं। यह एक कोयला मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत है। वर्तमान में इसके पास 1421 मेगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता है। कंपनी की कॉर्पोरेट योजना के अनुसार वह 2030 तक 6031 मेगावाट क्षमता स्थापित करने पर विचार कर रही है।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com